शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 38 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 04 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत में शुरू हुई हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं

**नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) ने भारत में हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं (एचईएमएस) के लिए पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। इस पहल से जल्द से जल्द आपातकालीन चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित होगी।

**ओडिशा और मध्य प्रदेश भी दिखा रहे प्रोजेक्ट में रुचि**

इसके लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के हेलीपैड पर एक साल की अवधि के लिए एयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। हेलीकॉप्टर में एक स्ट्रेचर और आवश्यक चिकित्सा उपकरण होंगे। 100 समुद्री मील की दूरी तक एक से दो चिकित्सा कर्मियों के साथ एक मरीज के परिवहन की सुविधा होगी। ओडिशा और मध्य प्रदेश भी इसी तरह की सेवाओं में रुचि दिखा रहे हैं।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी प्रोजेक्ट की जानकारी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया था कि भारत की पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (एचईएमएस) उत्तराखंड से शुरू की जाएगी।

**क्या है हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा?**

दरअसल, हेलीकॉप्टर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में तैनात किया जाएगा, जहां से इसे 150 किलोमीटर के दायरे में कहीं भी भेजा जा सकेगा। ताकि दुर्घटना का शिकार हुए किसी भी व्यक्ति तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जा सके।

# 'भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे'

## 'देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है और यहां से तूफान देश के दूसरे राज्यों तक जाता है'

**पटना**

राजधानी पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश से भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है और यहां से तूफान देश के दूसरे राज्यों तक जाता है। बिहार देश की राजनीति का सेंटर है और बदलाव की शुरूआत बिहार से ही होती है। आज देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के नागरिकों के दिल में नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत और एक-दूसरे का आदर है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है। नफरत का सबसे बड़ा कारण देश में अन्याय है। युवाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, सामाजिक और आर्थिक अन्याय। चालीस साल से सबसे अधिक बेरोजगारी हिंदुस्तान में है।

राहुल गांधी ने कहा कि पब्लिक सेक्टर में पहले गरीबों को रास्ता मिलता था। सरकार में रोजगार और नौकरी मिल जाती थी। जैसे बिहार में तेजस्वी और छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने किया लेकिन केंद्र ने ये सभी रास्ते बंद कर दिए।

**ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जन विश्वास महारैली होने का कांग्रेस ने किया दावा**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार मल्लिक ने राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बतलाया। मल्लिक ने कहा कि इस ऐतिहासिक महारैली में भारी मात्रा में लोग उपस्थित हुए ।



## इधर चला मैं उधर चला, जाने कहां मैं किधर चला...'

**पटना**

पटना के गांधी मैदान में शुक्रवार को महागठबंधन के दिग्गज नेताओं में विपक्षी एकजुटता की हुंकार भरी। रैली में सबसे खास रहा तेजस्वी यादव का भाषण। गांधी मैदान में उमड़े जनसैलाब को देख बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी गदगद दिखे। लोगों संबोधित करते हुए तेजस्वी नीतीश कुमार पर तंज कसना नहीं भूले। तेजस्वी ने कहा कि हमारे नीतीश चाचा पर बॉलीवुड स्टार रितिक रोशन का गाना बहुत सूट करता है, इधर चला मैं उधर चला, जाने कहां कहां मैं किधर चला। तेजस्वी ने कहा कि चाचा इधर चलिए या उधर चलिए, लेकिन जब कुछ बचेगा ही नहीं तो फिसल जाइयेगा। तेजस्वी ने कहा कि हम चाचा का सम्मान करते हैं। चाचा पलट गए हैं, लेकिन वह जहां भी रहें खुश रहें।



**17 साल बनाम 17 महीने का छेड़ा राग**

यहां सत्तरह साल बनाम सत्तरह महीने की तुलना करना नहीं भूले। तेजस्वी यादव ने कहा कि जो काम आजादी के बाद नहीं हुआ था, उसे हमने महज 17 महीने करके दिखाया। इसी गांधी मैदान पहले सिर्फ रैलियां होती थीं। लेकिन हमने रोजगार का रैला करके दिखाया। हमने बिहार के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। हमारी पार्टी महिला, गरीब, अल्पसंख्यक, अगड़े-पिछड़े ए टू जेड की पार्टी है। आप लोग ही हमारी पार्टी हैं। तेजस्वी ने पाला बदलने वाले विधायकों पर भी हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि कुछ विधायक इधर-उधर करते रहते हैं। कुछ लोगों ने भाजपा के सामने घुटने टेक दिए।

## 'पहले बिहार में तूफान उठता है फिर...



**पटना**

रविवार को महागठबंधन की जन-विश्वास महारैली में राहुल ने कहा कि राजनीति की नब्ज का केंद्र-बिंदु बिहार है। देश में बदलाव होता है, उससे पहले बिहार में तूफान उठता है, जो दूसरे प्रदेशों तक फैल जाता है। महागठबंधन क्या है, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। राहुल गांधी ये बातें अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हर पड़ाव पर करते रहे हैं। आर्थिक-सामाजिक न्याय की दुहाई देते उन्होंने एक बार फिर जाति आधारित जनगणना को देश के लिए आवश्यक बताया और अग्निवीर योजना को युवाओं के विरुद्ध। नियमित सैनिकों की तुलना में वेतन-विसंगति, बलिदानी का दर्ज, प्रशिक्षण, सुख-सुविधा और मान-सम्मान आदि में अंतर पर प्रश्न खड़े किए।

**पूंजीपतियों के लिए काम करते हैं पीएम**

राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी मात्र दो-तीन पूंजीपतियों के लिए काम करते हैं। उनका 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। मजदूरों-किसानों की कर्जमाफी नहीं हुई। 40 वर्ष में सबसे अधिक बेरोजगारी देश में है। जीएसटी और नोटबंदी को उन्होंने छोटे व मध्यम वर्ग के कारोबारियों के बर्बाद होने का कारण बताया। राहुंल गांधी ने प्रधानमंत्री पर एक-दो उद्योगपतियों को लाभ के सारे काम सौंप देने का आरोप लगाया। कहा कि पहले पब्लिक सेक्टर होता था। उससे गरीबों को रोजगार-नौकरी मिलती थी।

## वोट के बदले नोट मामला, सात जजों की संविधान बेंच सोमवार को सुनाएगी फैसला

**नई दिल्ली**

सांसदों और विधायकों द्वारा सदन में वोट देने और मतदान करने के बदले रिश्वत लेने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने पांच अक्टूबर, 2023 को इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दलीलों के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि रिश्वतखोरी कभी छूट का विषय नहीं हो सकती है। संसदीय विशेषाधिकार का मतलब किसी सांसद या विधायक को कानून से ऊपर रखना नहीं है।

## स्मार्ट सिटी ही नहीं यूपी के युवा भी बनेंगे स्मार्ट : सीएम योगी

**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। सीएम योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया।



## अग्निवीरों को देश के लिए अपनी जान गंवाने पर शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा: राहुल गांधी

**ग्वालियर**

आगामी लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार दोपहर को मुरैना जिले में मध्य प्रदेश में प्रवेश किया। यह राज्य के शिवपुरी, गुना, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, धार और रतलाम जिलों से होकर गुजरेगा। यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को न्याय के महत्व पर जोर दिया और देश में व्याप्त अन्याय के लिए नफरत बढ़ने को जिम्मेदार ठहराया।

**बेरोजगारी दर 40 साल में सबसे ज्यादा**



अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए थोड़े समय के लिए रुके गांधी ने जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों की आलोचना की और उन्होंने दावा किया कि देश में बेरोजगारी 40 साल में सबसे ज्यादा हैं। गांधी ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने अत्यधिक बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। अब बेरोजगारी दर पिछले 40 वर्षों में सबसे अधिक है।' कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि भारत की युवा बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है, उन्होंने इसके लिए सरकार की नीतियों का प्रभाव बताया, जिसने छोटे व्यवसायों पर भारी असर डाला है। गांधी ने सैनिकों, विशेष रूप से अग्निपथ योजना में नामांकित लोगों के लिए कम होती मान्यता और लाभों पर दुख व्यक्त किया। गांधी ने कहा किउन्हें आवश्यक सहायता से वंचित किया जा रहा है।

अब, अग्निवीरों को देश के लिए अपनी जान गंवाने पर शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि उन्हें पेंशन और कैंटीन की सुविधा भी नहीं मिलेगी।

## लखनऊ के गुदौरा मैदान में यादव महाकुंभ में शामिल हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव



**लखनऊ**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश भाई-भाई हैं। मैं जितना मध्य प्रदेश का हूं, उतना ही उत्तर प्रदेश का भी हूं, मेरी जड़ें उत्तर प्रदेश से संबंधित है। उन्होंने यादव समाज से अपील की कि वह एक ही परिवार की राजनीति से बाहर निकले तभी यादव समाज का विकास संभव है।

बिजनौर रोड पर स्थित गुडौरा मैदान में आयोजित यादव महाकुंभ में उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत है कि यादव समाज का हर परिवार अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। मध्य प्रदेश सरकार देश भर में कहीं भी यादव परिवार का युवा अगर आगे बढ़ता है और उसे पढ़ाई में किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद की जरूरत होगी तो हमारी सरकार मदद करेगी।उन्होंने कहा कि यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण ने भी समाज को विभिन्न माध्यमों से शिक्षा दी थी। श्रीमद्भागवत गीता उन्हीं की शिक्षाओं पर आधारित एक ग्रंथ है। इसलिए हमें आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का धार्मिक विकास मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर करेगी इसके लिए दोनों सरकारों के बीच संवाद चल रहा है। इससे पहले श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार और यादव महाकुंभ के आयोजक मनीष यादव ने कहा कि आज यादव समाज के लिए एक नई लकीर खींची गई है। एक ही परिवार ने यादवों को गुलाम बनाकर रखा हुआ है।

## शिमला में बर्फ पर फिसली एचआरटीसी की बस, चालक-परिचालक बाल-बाल बचे

**शिमला**

शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी से परिवहन व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। वहीं सड़कों पर सफर करना जानलेवा हो गया है। रविवार को रोहडू उपमण्डल के टिक्कर इलाके में जमी बर्फ के कारण एचआरटीसी बस खाई में गिरने से बच गई। इस बस में चालक व परिचालक ही मौजूद थे।



यह हादसा पौने 11 बजे के करीब पेश आया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहडू डिपू की बस एचपी 10ए-6794 पुजारली से रोहडू की तरफ जा रही थी। टिक्कर तहसील के खलावन नाला के पास बर्फ से फिसल कर बस सड़क से बाहर की ओर लटक गई। गनीमत यह रही कि बस पेड़ों सेबस में चालक व परिचालक के अतिरिक्त कोई भी अन्य स्वारी नहीं बैठी थी। हादसे में बस के आगे के शीशे टूट गए। हालांकि चालक व परिचालक पूरी तरह सुरक्षित है।

## एनडीए के काम से विपक्ष परेशान और हताश: सांसद

**अररिया**

पटना के गांधी मैदान में राजद के आह्वान पर विपक्षी नेताओं की जन विश्वास रैली को अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने फ्लॉप करार दिया। सांसद ने कहा कि महागठबंधन की इस रैली में राजद, कांग्रेस व लेफ्ट पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंक दी। विपक्ष की तरफ से इस रैली में राजद नेता लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे व लेफ्ट पार्टी के नेता वरिष्ठ नेताओं समेत सपा नेता अखिलेश यादव भी शामिल हुए।बावजूद इसके रैली फ्लॉप और विपक्षी दलों के नेताओं पर प्रधानमंत्री और एनडीए का खौफ दिखा।

सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने विपक्षी पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि एनडीए के मजबूत होने के बाद बिहार में परिवारवाद की राजनीति कम हो रही है।

## न्यायालयों में तारीख पे तारीख वाली संस्कृति हो खत्म: चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली**

न्यायालयों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि मुकदमों की सुनवाई में तारीख पे तारीख वाली संस्कृति खत्म होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायाधीशों से कहा, 'न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम होनी चाहिए और सामान्य स्थिति कायम होनी चाहिए। इसके लिए न्यायाधीशों को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी।'

**'लंबित मामलों की संख्या न्यायपालिका के लिए बड़ी चुनौती'**

गुजरात के कच्छ में जिला न्यायाधीशों के अखिल भारतीय सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या इस समय न्यायपालिका के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि न्याय प्रशासन से अपेक्षा होती है कि वह कानूनी विवादों का उचित समयसीमा में निस्तारण करे। उन्होंने कहा कि न्याय की अपेक्षा लेकर न्यायालय में आने वाले आम आदमी की सोच बन गई है कि मामलों को लंबित रखना न्यायपालिका की कार्यप्रणाली का हिस्सा है, लेकिन जब भी सुनवाई के लिए तारीख दी जाती है तो उसके हृदय को चोट लगती है।



**आम आदमी की सोच को बदलने की जिम्मेदारी हमारी**

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आम आदमी की सोच को बदलने की जिम्मेदारी हमारी है। हमें अपनी कार्यशैली में बदलाव करके लंबित मामलों को जल्द निपटाने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। इससे न केवल आम आदमी का कल्याण होगा बल्कि न्यायपालिका के प्रति उसके विश्वास में बढ़ोतरी होगी। इससे न्यायपालिका की भूमिका भी प्रभावी और बेहतर होगी।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, निर्णय लेते समय हमें इंटरनेट मीडिया पर होने वाली टिप्पणियों और विभिन्न तरह की अपीलों के प्रभाव में नहीं आना है।

# तहसील दिवस में दो गुटों में बंटे अधिवक्ता

## अधिवक्ताओं का घंटो चला हाई प्रोफाइल सियासी ड्रामा

अखंड भारत संदेश




**सोरांव।** मार्च माह का पहला तहसील दिवस बड़ा ही विवादित रहा तहसील दिवस पर अधिकारी और कर्मचारीगण समय से तो उपस्थित हो गए। लगभग एक घंटे तक सब कुछ तो ठीक ठाक चला लेकिन एक घंटे बाद एसडीएम मुदार्बाद और एसडीएम बाहर जाओ के नारे लगाते हुए कुछ अधिवक्ता तहसील दिवस हाल में प्रवेश करने लगे विवाद की स्थित देख करके एसडीएम ने पहले ही किसी काम से बाहर चले गए। वहीं अधिवक्ताओं ने एसडीएम गणेश कनौजिया के व्यौहार से नाखुश होकर पिछले कई दिनों से न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवताओं ने तहसील दिवस पर पहुंचकर खूब शोर शराबा करने लगे। हालांकि कुछ ही अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस का बहिष्कार कर रहे थे। लेकिन ज्यादा अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस पर फरियादियों की सुनवाई के पक्ष में रहे। जिसको लेकर अधिवक्ता दो गुट ने बंट गए। एक पक्ष अधिकारियों के सपोर्ट में रहा तो वहीं दूसरा पक्ष तहसील दिवस के बहिष्यकार के पक्ष में रहा। जिसको लेकर लगभग दो घंटों तक हाई प्रोफाइल ड्रामा चलता रहा। और वादकारी/फरियादी परेशान होते रहे।

जानकारी के अनुसार वर्तमान कार्यकारणी के महामंत्री संग दर्जनों अधिवक्ता तहसील दिवस बहिष्यकार के पक्ष में रहे तो वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संग पूर्व मंत्रीगण सहित ज्यादातर अधिवक्ता तहसील दिवस पर फरियादियों की फरियाद सुनने के लिए अधिकारियों के पक्ष में रहे। सूचना पर पहुंचे एडीएम नजूल प्रदीप कुमार यादव ने अधिवक्ताओं संग बैठक करके मामले से अवगत होना चाहे तो आरोप है कि वर्तमान कार्यकारणी के कुछ अधिवक्ताओं ने सिर्फ एसडीएम हटाओ की रट करते रहे। जिससे बैठक नही हो पाई। वही तहसील दिवस पर कुल 88 शिकायती पत्र आए जिसमें से राजस्व विभाग की 60,पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 5, और अन्य विभाग की 9 शिकायती पत्र आए। जिसमे से चार शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर तहसीलदार डॉक्टर बृजेश कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त जंग बहादुर यादव,खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल, सोरांव के वरिष्ठ उप निरीक्षक राधे मोहन संग सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोर्ट के बजाय आपस में उलझे अधिवक्ता, जज ने केस सुनने से किया इंकार

**प्रयागराज।** दोनों पक्ष के वकीलों को कोर्ट के बजाय आपस में ही बहस करते देख जज ने स्वयं को केस की सुनवाई से अलग कर लिया। कहा कि वकीलों के इस आचरण सराहनीय नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने कहा केस की सुनवाई के लिए दूसरी पीठ नामित की जाए, जिसमें वह शामिल न हो और केस फाइल मुख्य न्यायाधीश को प्रेषित कर दी। शुआटस नैनी के प्रोफेसर आर बी लाल की जमानत अर्जी की सुनवाई न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान की कोर्ट में चल रही थी। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी व अनुज श्रीवास्तव और राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता पीके गिरी बहस कर रहे थे। वे कुछ समय के लिए आपस में ही उलझ गये और आपस में ही तर्क-वितर्क करने लगे, जो कोर्ट को नागवार गुजरा। इस पर न्यायमूर्ति ने स्वयं को केस की सुनवाई से ही अलग कर लिया।



## बेमौसम बरसात : गेंहू आलू मटर की फसलें हुई बर्बाद किसानों पर कुदरत की मार

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** शनिवार को सारी रात रूक रूक कर कभी तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से किसानों की कमर तोड कर रख दी है। बताया गया है कि तुलसीराम पटेल फिरोजपुर,राम हरख पटेल धरौता, बोडीपुर के राम लखन, सीता राम,तथा क्षेत्र के नौगीरा, अली वृसिंहपुर,चमरूपुर आदि क्षेत्रों में बेमौसम की बरसात ने गेंहू,आलू, मटर, सरसों आदि फसलों को नष्ट कर दिया है। बताया गया है कि काफी किसानों ने ऋण लेकर किसी तरह खेती की जब खेती का अन्तिम चरण आया तो कुदरत ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।इस समय किसान खून के आंसू रो रहे हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार की हालत नाजुक

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज के निकट प्रतापगढ़ के थाना जेठवारा के ग्राम कटरागुलाब सिंह निवासी राम बहादुर सिंह 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम मनोहर सिंह अपने साथी राम जनक के साथ प्रयागराज की ओर जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे वह हरिसेनगंज के निकट पहुंचे सामने से आ रही कार ने टक्कर मारते हुए प्रतापगढ़ की ओर भाग निकली ?।जिससे राम बहादुर की हालत नाजुक होने पर साथी रामजक बाइक पर किसी तरह पकड कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया दिया है।बताते हैं कि रविवार को सुबह हुई उक्त घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो निजि अस्पताल से निकलवाकर प्रतापगढ़ शहर में किसी अस्पताल में भर्ती करा दिए हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई। परिजनों ने बताया कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी किसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं।

# भाजपा पिछड़े वर्ग मोर्चे का सामाजिक सम्मेलन संपन्न




**सिरसा।** प्रयागराज जमुनापार मेजा क्षेत्र के अंतर्गत इन्द्रकली जूनियर हाई स्कूल प्रयागपुर दिघीया मांडा मेजा प्रयागराज में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का ओबीसी मण्डल समाजिक सम्मेलन एवं युवा संवाद का बैठक किया गया। जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रधनमंत्री किसान समान निधि, फसल बीमा योजना, उज्वल गैस योजना, स्वच्छ भारत मिशन,रोजगार मेले ,पब्लिक सुलभ , जन-धन योजना, सरकार द्वारा गुंडा राज समाप्त, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, वर्तमान बजट में पिछड़ो व गरीबों को विशेष ध्यान, रेहड़ी-पट्टी व्यपारियो को ऋण देने, इस बैठक में नमो एप्स डाउनलोड कराया गया। मुख्य अतिथि सुभाष सिंह पटेल (जिलाध्यक्ष) पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार प्रयागराज ने कहा कि पिछड़ो का समर्म्यण सिर्फ भाजपा सरकार में है। कार्यक्रम का संयोजक दिघीया मण्डल अध्यक्ष रामानन्द पटेल एवं आशीष सिंह पटेल (जिला उपाध्यक्ष) ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विनोद कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष) सिरसा मण्डल पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र प्रयागराज, संतोष पटेल (जिला कोषाध्यक्ष), आशीष पाल (मण्डल अध्यक्ष), सुरेश सिंह पटेल (जिलासचिव), पारस नाथ प्रजापति, बिंदु प्रजापति (संयोजक), अनिल कुमार यादव (महामंत्री), रमेश विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), सतीश विश्वकर्मा (मीडिया प्रभारी), अरविंद कुमार पटेल ( संयोजक) गांव के सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**सहसों।** भाजपा कार्यकताओं की मंडल सहसों में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन जगदेवपुर बरेठी बादल का पूरा शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह पटेल ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने जा रहा है और देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज विरोधी दल जात-पात की राजनीति कर रहे हैं देश की जनता को जातियों में बांटने का काम कर रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ चार जातियों की चर्चा करते हैं जिसमें गरीब, किसान, महिला और युवा हम इन्हीं चार जातियों का विकास करें तो देश का विकास अपने आप हो जाएगा। सम्मेलन में उपस्थित विश्व गौरव सिंह, बहादुर सिंह, अंगद सिंह पटेल, सत्यम हिंदू आदि ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर बहादुर सिंह एवं संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग के मंडल अध्यक्ष प्रवीण जायसवाल, शंकर लाल, शिवनारायण सिंह गप्पू , पवन कुमार पांडे, रंजय पटेल, सतीश विश्वकर्मा, अरूण सिंह, रामेंद्र सिंह, एवं बाबूलाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### न्यूज झरोखा

## बाइक से निकला युवक नहीं लौटा घर,अनहोनी की आशंका



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के कहरा टिटीमपुर सलेमपुर गांव में एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकाला लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटा। मोबाइल बंद जा रहा है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। टिटिमपुर सलेमपुर कहरा उतरांव निवासी अनिल मौर्य जो बलरामपुर शुक्ला मार्केट में सिलाई की दुकान खोल रखे हैं। वह 1 मार्च सुबह 7:00 बजे के लगभग अपनी प्लैटिना बाइक से घर में कीडगंज में सामान लेने को बता कर निकल गए।आज लेकिन दो दिन बीत गए अभी तक घर नहीं लौटे। मोबाइल लगातार बंद जा रहा है।परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। वही बेटे सौरभ की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## दो माह से नहीं मिला वेतन, हाल बेहाल हैं जूनियर के शिक्षक

**सहसों।** जिले के सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल के शिक्षकों को जनवरी माह से ही वेतन नहीं मिलने से हाल बेहाल है। जबकि शिक्षक संघ के नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों से वार्ता एवं आश्वासन के बाद भी वेतन न मिलने से शिक्षकों के सामने बड़ी समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। वेतन न मिलने से समस्या झेल रहे सीनियर बेसिक शिक्षक संघ प्रयागराज के जिला मंत्री रमेश कुमार द्विवेदी का कहना है कि मानव संपदा का बहाना लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त लेखा अधिकारी के मनमाना रवैये से प्रयागराज जिले के शिक्षक कर्मचारी दो माह से वेतन न मिलने से भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। जिससे गृहस्थी चलाना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि वहीं पर हाई स्कूल एवं इंटर कॉलेज के शिक्षकों का वेतन सुचारू रूप से दिया जा रहा है। जबकि इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ गिरी की बी एस ए से मिलकर वार्ता के उपरांत आश्वासन भी मिल चुका है। फिर भी वेतन न मिलने जूनियर के शिक्षक तंगी हालात झेलते परेशान हाल बेहाल हैं।

## दिसंबर में शून्य जनवरी महीने का बिल अस्सी हजार!

**लालापुर।** योगी सरकार में बिजली विभाग की लापरवाही इस कदर देखने को मिलेगी ये सोचा नहीं जा सकता।एक घरेलू उपभोक्ता का तीन माह में अस्सी हजार बिल पकड़ा दिया गया।अस्सी हजार का बिल मिलते ही शिव दक्षिणा त्रिपाठी भौंचक रह गईं। लालापुर गांव की रहने वाली शिव दक्षिणा त्रिपाठी गांव की आशा बहू है।सौभाग्य योजना के तहत वर्ष 2020 में विद्युत विभाग ने घरेलू कनेक्शन दिया था।उपभोक्ता ने बताया कि लगातार बिल जमा किया जा रहा था।दिसंबर 2023 में तीन हजार सत्तानवे रुपया ओटीएस के तहत गांव के जनसेवा केंद्र संचालक दीपक पांडेय के यहां से बिल जमा करा कर जीरो बिल कराया गया था।परंतु फरवरी में बिल आया तो अस्सी हजार सात सौ सत्तासी रुपया बिल आ गया।अस्सी हजार बिल आने की चर्चा जोरों पर है।लालापुर उपकेंद्र के कर्मचारियों की इस तरह की लापरवाही से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस संबंध में जेई शिवधर यादव ने बताया की अभी लालापुर में मेरी पोस्टिंग नई है गलत बिल की जानकारी नहीं है अगर गलत बिल बना है तो जांचकर सुधार के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

## राम ने धनुष तोड़ कर दुनिया में कीर्ति फैलाई : विनोदानंद

### करछना के ताला में रामकथा के दौरान जुटी भीड़, राम विवाह प्रसंग सुन झूमे श्रोता



**करछना।** तहसील क्षेत्र के ताला गांव में रविवार को कथा के चौथे दिन राम सीता विवाह का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान श्रोताओं में हर्ष का माहौल रहा। कथावाचक विनोदानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान राम और सीता का विवाह अलौकिक था। स्वयंवर के दौरान कई राजाओं के अभिमान टूटे तो कई लोगों को वास्तविकता का पता चला। भगवान राम ने साधारण मनुष्य होते हुए भी शिव धनुष को तोड़कर पूरे विश्व में अपनी कीर्ति फैलाई। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम और सीता का विवाह एक योग के तहत हुआ। दुनिया में किसी भी व्यक्ति को भगवान श्री राम के आदर्श से सीखना चाहिए। भगवान श्री राम सच्चे मयार्दा पुरुषोत्तम थे। उनके ही जीवन से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। यजमान शिव प्रसाद शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। वरिष्ठ समाजसेवी संदीप शर्मा ने कहा कि धर्म का ज्ञान सबके लिए जरूरी है। मानव जीवन को आसान बनाने के लिए प्रभु की वंदना करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रवि पांडे, ननके पांडे, राधिका, वंश नारायण पांडे आदि रहे।

## सैकड़ो घरों में सुबह- सुबह नहीं आया पानी

**झूंसी।** नलकूप ऑपरेटर की लापरवाही की वजह से रविवार की सुबह आवास विकास कालोनी योजना 2 के सैकड़ों घरों में पानी नही आया। जिसकी वजह से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिकायत पर पार्षद अनिल यादव ने ऑपरेटर को बुलावाया तब लोगो को पानी मिला। जल निगम पानी सप्लाई के लिए लगे नलकूप का ऑपरेटर रविवार सुबह ताला बंद कर गायब था। इस वजह से लोगों के घरों में पानी नहीं आया। परेशान लोग पानी के लिए डब्बा बाल्टी लेकर इधर-उधर भटकने लगे। सूचना मिलने के बाद पार्षद कोहना अनिल यादव मौके पर पहुंचे और ऑपरेटर को बुलवाया तब ट्यूबेल चालू हुआ और लोगों के घरों में पानी पहुंचा कॉलोनी में रहने वाले लोगों की माने तो ऑपरेटर की वजह से आए दिन लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। कुछ लोगों ने मामले की शिकायत महापौर गणेश केसरवानी से करने की बात कही।

# श्री कृष्णा जन्मोत्सव पर खूब बाजी बधाइयां



अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के ठढविलार गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह सत्संग में कथा सुनने के लिए भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है । कथा वाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कथा के चौथे दिन रविवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण जन्म महोत्सव पर खूब बधाइयां बाजी। लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई । वहीं भय प्रगट कृपाला दीन दयाला, मथुरा में जन्मे कन्हाई , नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की आदि छंदों की प्रस्तुतियां हुई । वहीं महिलाओं की ओर से सोहर गीतों के गायन भी हुए। और कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की आकर्षक और मनमोहन झांकी भी निकाली गई । जो लोगों को मंत्र मुग्ध किए रही। कथा के मुख्य श्रोता यजमान रामानुज तिवारी की ओर से कथा व्यास सहित पुराण वाचक डॉ पुरुषोत्तम मिश्र व आचार्य लोगों का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक सुरेश चंद्र तिवारी व संयोजक प्रेम शंकर तिवारी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया । इस मौके पर कृष्ण देव द्विवेदी ,अरुण कुमार तिवारी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, राकेश तिवारी ,हरिश्चंद्र तिवारी, सर्वेश तिवारी ,नवीन तिवारी, श्याम सुंदर त्रिपाठी ,लालता प्रसाद मिश्र आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

## निश्च्छल भाव पूर्ण भक्ति ने ही शबरी को श्रीराम से मिलाया : शेर सिंह

### युगों से आदिवासी समाज ने देश के लिए दी है कुबार्नी




**लालापुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेराबारी के रमना गांव के बिरसा नगर में रविवार को शबरी जयंती का आयोजन किया गया । इस मौके पर मां शबरी के जीवन और उनके भक्ति पर मौजूद लोगों ने व्याख्यान दिया । कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधानप्रतिनिधि शेर बहादुर सिंह ने शबरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शबरी के गुरु जी ने केवल उनसे इतना बताया था कि तुम केवल श्री राम की भक्ति और पूरे मन से पूजा करो एक न एक दिन श्री राम खुद चलकर दर्शन देने आयेंगे। गुरु का वचन मान शबरी बड़े श्रद्धा भाव से श्री राम की भक्ति में लग गई और उसे भगवान राम के दर्शन भी हुए । शबरी ने प्रभु को बड़े भाव से बेर खिलाने लगी तो उसे लगा कि कही प्रभु को खट्टे बेर न मिल जाए इस लिए वह भाव की रस धारा में बह गई और बेर को चख चख कर खिलाने लगी । उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदिवासी वंचितो को गले लगाकर उनको सम्मान दिया । मुगलों से लड़ाई लड़ते जब महाराणा प्रताप जंगल में शरण ली तो इन्ही वंचित आदिवासी समाज के वीरो ने उनकी मदद की । जिसे आज भी देश के राजपूत नहीं भूले हैं,और आदिवासियों पर गर्व करते है। उन्होंने बताया की त्रेता युग में फाल्गुन मास की सप्तमी तिथि को ही शबरी और प्रभु राम के बीच मिलन हुआ था , जहां प्रभु श्री राम ने शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया था । आगे उन्होंने कहा कि जब जब देश पर आपदा आई है तब तब जंगल में रहने वाले हमारे आदिवासी समाज के वीरों ने देश की रक्षा सुरक्षा में अपना बलिदान दिया है । इस मौके डा ओम प्रकाश कोल,जिला पंचायत सदस्य अवनीश कोल, ब्रिजेस कोल,अमर सिंह पटेल,नंद लाल पाल,भूपत कोल,अवध बिहारी,रमेश कोल,दिवाकर त्रिपाठी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# फसल चोरी करने के जुर्म में दो पर मुकद्दमा दर्ज

### पुलिस की कार्रवाही का नहीं हैं डर, ग्राम समाज की अतिक्रमित जमीन पर सुपुर्दगी में दी गई फसल को चोरी में काटने पर ग्राम के भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष प्रधान ने थाना कोरांव में दर्ज कराई एफआईआर

**कोरांव।** क्षेत्र में कुछ ऐसे भू माफिया और अराजक तत्व हैं जिन्हे पुलिस, कानून,प्रशासन,सरकार,ग्राम पंचायत सरकारों का तनिक भी खौफ नहीं है,निरंतर अपराध में लिप्त हैं। जिन पर कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है। बता दें कि ग्राम सभा अल्हवा ब्लॉक कोरांव प्रयागराज में भूखंड संख्या 1036 ख, चकमार्ग संख्या 1035 पर लाल बहादुर कोटेदार अल्हवा और उसके पुत्र पवन कुमार ने जबरन अवैध कब्जा कर रखा है। तहसीलदार के जांच,निर्देश के बावजूद अवैध भूखंड ग्राम समाज की भूमि पर बोई सरसों आदि की फसल को शनिवार को चोरी में काट कर खेत से चुरा ले गया। क्यों की उक्त भूखंड की फसल को लेखपाल ने ग्राम प्रधान को सुपुरर्दगी में दिया था। सुपुर्दगी ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ने मुकद्दमा अपराध संख्या 0046/2024 धारा 379 आईपीसी में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज करा दिया। उक्त अभियुक्त पवन कुमार के विरुद्ध खीरी, कोराव थाने में कुल मिलाकर आठ आपराधिक मुकद्दमे दर्ज हैं। और कोटेदार लाल बहादुर के विरुद्ध लोक संपत्ति निवारण अधिनियम,ई सी एक्ट की धारा 3/7 में और विद्युत अधिनियम,जैसे कई केस दर्ज हैं। और चकमार्ग की भूमि से अवैध निर्माण कार्य को हटाए जाने की भी कार्यवाही होने जा रही है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।



ग्राम समाज की सरकारी जमीन का दृश्य जिसमे फसल चोरी में काटी गई।

**लालबहादुर का आपराधिक इतिहास -**

(1) क्राइम नंबर 076/2011धारा3/7 ईसी एक्ट,और विद्युत चोरी,थाना कोरांव,

(2)क्राइम नंबर 25/2024 धारा3/5 थाना कोराव,

(3) क्राइम नंबर,,46/2024 धारा 379आईपीसी थाना कोरांव

**पवन कुमार के विरुद्ध दर्ज आपराधिक इतिहास-**(1) 266/2022 धारा 504,506, थाना खीरी

(2),क्राइम नंबर 412/2021धारा 419,420,467,468,471,506,आईपीसी ,

(3),,क्राइम नंबर 409/2022 धारा 354,540,506,आईपीसी,एस सी एस टी एक्ट थाना कोरांव,

(4,),क्राइम नंबर 380/2022धारा 504,506,आईपीसी थाना कोरांव,

(5,),क्राइम नंबर 471/2022 धारा 380,427,आईपीसी थाना कोरांव,

(6),क्राइम नंबर 233/2023 धारा 504,507आईपीसी थाना कोरांव,

(7)क्राइम नंबर 25/2024 धारा3/5 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम थाना कोराव

(8)क्राइम नंबर 46/2024 धारा 379 आईपीसी,थाना कोरांव

(9),151/107/116, थाना कोरांव, तथा धारा 110 जी कार्यवाही का आदेश

,,अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है,किसी को कानून हांथ में लेने नहीं दिया जाएगा। चुनाव के दृष्टिगत पूरे इलाके की गस्ति और अपराधियों को सबक सिखाने से ले कर सरकार और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान को अमलीजामा पहनाया जायेगा।,,

**राकेश कुमार भारती**
**थाना प्रभारी कोराव प्रयागराज**

# मुख्यमंत्री के प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट संगम सभागार में किया गया सजीव प्रसारण

## विद्यालयों में शिक्षा के बेहतर माहौल के लिए अच्छे इंफ्रास्टक्चर का होना आवश्यक : सांसद

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर-कमलों द्वारा रविवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं हेतु प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्टेट स्थित संगम सभागार में किया गया। संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री राजेन्द्र मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जनपद में राजकीय बालिका इण्टर कालेज शंकरगढ़, राजकीय बालिका इण्टर कालेज फूलपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुगारी करछना, राजकीय बालिका इण्टर कालेज सैदाबाद, राजकीय बालिका इण्टर कालेज धनुपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कटरा, राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय दिघिया माण्डा, राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय नन्दौत फूलपुर, राजकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सिरसा एवं राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय गोहरी सोरांव में 383.97 लाख रुपए से वृहद निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा कराये जायेंगे। इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि आज का दिन हम सब लोगो के लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार का एक और प्रयास का प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा पद्धति नई शिक्षा नीति के आने के बाद बहुत परिवर्तन की उन्मुख हो रही है। कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगले 10 साल में भारत का एजूकेशन सिस्टम वर्ड एजूकेशन सिस्टम के बराबर होगा। सांसद महोदया ने नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार जताया। सांसद महोदया ने कहा कि अभिव्यक्ति अपनी भाषा में सबसे सुंदर होती है। हम लोग यूपी के है और हमारी मातृभाषा हिंदी है, इसलिए हिंदी भाषा को ज्यादा बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कहा कि भाषाएं सभी सुंदर होती है, उनको सीखना जरूरी है। मा0 सांसद महोदया ने कहा कि विद्यालयों में इंफ्रास्टक्चर का अच्छा होना बहुत आवश्यक है, इससे स्कूलों में शिक्षा का एक बेहतर माहौल बनता है।इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में जो सर्वांगीण विकास हुआ है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं है, वे पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत विकास हुआ है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## युवा मोर्चा ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने का लिया संकल्प : अमित गुप्ता




**प्रयागराज।** भाजपा युवा मोर्चा मुट्ठीगंज मंडल के द्वारा बलुआघाट पेट्रोल पंप के सामने युवा चौपाल का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री युवा मोर्चा मंडल प्रभारी अमित गुप्ता,महानगर महामंत्री रवि केसरवानी ,महामंत्री परमानंद वर्मा,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय कुमारी रिचा सिंह ने कहा कि जिस प्रकार स्वाधीन भारत के लिए देश के नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी उसके बाद हमें आजाद भारत प्राप्त हुआ है और अब देश के नौजवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इस देश के युवा विकसित भारत का नव प्रभात लिखेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष लव कुश केसरवानी ने आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम सायोजक उपध्यक्ष दीपक शर्मा, महामंत्री केशव शर्मा के द्वारा हुआ । कार्यक्रम का संचालन केशव शर्मा* ने किया और कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में 400 सीट पारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मोर्चा ने संकल्प लिया है। इस अवसर पर पार्षद नीरज टंडन,पार्षद नीरज गुप्ता, मंत्री रोहित भारतीय, सुधांशु त्रिपाठी,वैभव अग्रहरि,युवामोर्चा कार्यालय मंत्री पुनीत श्रीवास्तव, प्रियम कसेरा, मुट्ठीगंज मंडल मंजू गुप्ता, रोहित भारती, हिमांशु सोनकर, सौरभ अग्रहरि, अभिषेक केसरवानी,शिवम यादव, हर्षित सोनकर, सुधीर भारद्वाज रोहित श्रीवास्तव,भानु दुबे नितिन केसरवानी, अभिषेक जायसवाल सचिन गुप्ता, आदि कार्यकर्ता एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर लगा पेपर लीक का दाग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शासन की ओर से समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को निरस्त किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पेपर लीक का दाग लग गया है। आरओ/ एआरओ के 411 पदों के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। परीक्षा के लिए प्रदेश के 58 जिलों में 2387 केंद्र बनाए गए थे। 11 फरवरी को हुई परीक्षा में 64 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी अधिक संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे और पहली बार किसी परीक्षा के लिए सबसे ज्यादा केंद्र भी बनाए गए थे। हालांकि, आयोग ने परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए इस बार कई नए कदम उठाए थे। पहली बार परीक्षा केंद्रों में 50 फीसदी से अधिक बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए थे। आयोग ने तो शासन को यह प्रस्ताव भी भेजा था कि राजस्थान की तर्ज पर यहां भी परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएं, लेकिन इससे आम लोगों को होने वाली दिक्कत के मद्देनजर शासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। आयोग की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया, जब परीक्षा से डेढ-दो घंटे पहले पेपर व्हाट्सएप पर वायरल हो गया।

## रेलवे क्रासिंगों पर तीसरी आंख का पहरा

**प्रयागराज।** रेलवे क्रासिंग पर जाम, हंगामा, लापरवाही, मारपीट के बढ़ते मामलों को देखते हुए रेलवे ने सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की थी। इस योजना को आगे बढ़ाते हुए रेलवे ने पहले चरण में अहम क्रासिंगों पर कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल, आगरा और झांसी मंडलों की सौ से अधिक रेलवे क्रासिंगों पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। यूं तो रेलवे लेवर क्रासिंगों को खत्म ही कर आरयूबी, आरओबी तैयार करा रहा है लेकिन जो क्रासिंग फिलहाल बंद नहीं होंगी वहां की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने लगे हैं। खासकर प्रयागराज मंडल में महाकुंभ के दौरान लेवल क्रासिंग पर बढ़ने वाली भीड़ का आकलन इस कैमरों के माध्यम से ही होगा।इससे भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी साथ ही रेलवे क्रासिंग पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। हर क्रासिंग पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। एक कैमरा रेलवे ट्रैक व वहां से गुजरने वाले वाहनों की गतिविधियां देखेगा। जबकि दूसरा कैमरा क्रासिंग पर स्थित केबिन में लगेगा। कैमरे से अंदर और बाहर की रिकार्डिंग होगी। रिकार्डिंग को निर्धारित समय तक सुरक्षित रखा जाएगा। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि मंडल की हर रेलवे क्रासिंग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## प्रदेश के श्रम मंत्री का पुतला जलाने की चेतावनी

### मालिकाना अधिकार नहीं मिला तो आंदोलन चलता रहेगा

अखंड भारत संदेश




नैनी। नैनी श्रमिक बस्ती नैनी के निवासियों ने निर्णय लिया है कि केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश नैनी समेत सभी श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार नहीं मिला तो आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन कर रहे श्रमिक कॉलोनी के निवासियों ने सरकार से शीघ्र ही कॉलोनी के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग की है। श्रमिक बस्ती समिति, नैनी, प्रयागराज द्वारा पिछले 16 अगस्त 2023 से शुरू किए गए मालिकाना अधिकार आंदोलन के तहत श्रमिक कॉलोनी के निवासियों ने आज श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में धरना दिया और सरकार से मांग की गई कि केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह यूपी में भी श्रमिक बस्ती के निवासियों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिया जाए। सचिव विनय मिश्र ने कहा कि राजकीय श्रम अधिकारी केंद्र नैनी में घोटाले के सबूतों को मिटाने की साजिश की जा रही है। चेतावनी दी गई कि यदि राजकीय श्रम हितकारी केंद्र के घोटाले में दोषीजनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश के श्रम मंत्री का पुतला जलाया जाएगा। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाते हुए सफाई कर्मचारियों के द्वारा नैनी के मजदूरों के लिए बनाए गए राजकीय श्रम हितकारी केंद्र के पार्क में पीएसी का कूड़ा फेंका जा रहा है। जिससे कॉलोनी में गंदगी और संक्रामक बीमारियां उत्पन्न हो रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। भीषण दुर्गंध के कारण सांस लेना मुश्किल है और इस कूड़े में आग लगा देने के बाद घरों में धुआं भर जाने के कारण लोगों का दम घुटने लगता है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। धरना- प्रदर्शन में नंदकिशोर मिश्र, मोहम्मद शाहिद, अजमत हुसैन सत्येंद्र यादव, सिंह बृजनाथ सिंह, जग बरन सिंह, अरुणा पांडे, लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, सत्येंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद खालिद, सुधीर कुमार, कमला देवी, अनीता सिंह, फूल कुमारी, अंजू गुप्ता, मुनेश कुशवाहा आनंद सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## कमिश्नरेट में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने की मॉक ड्रिल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। चुनाव के दौरान उपद्रव करने वालों पर लगाम, भीड़ को हटाने, हंगामा करने वालों से कैसे निपटें इसे लेकर सिपाहियों को ट्रेनिंग दी जाने लगी है। रविवार को पुलिस अफसरों ने कई इलाकों में सिपाहियों को भीड़ से निपटने का तरीका बताया। मॉक ड्रिल भी की। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश में शहर के साथ गंगा नगर, यमुना नगर में चुनाव ड्यूटी के मद्देनजर तौर तरीके और ट्रेनिंग दी जाने लगी है। प्रयागराज कमिशनरेट में रविवार को तीनों जोन में दंगा नियंत्रण की मॉक ड्रिल कराई गई। शहर की कमान डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने संभाली तो डीसीपी गंगा नगर जोन अभिषेक भारती ने सोरांव के हाजीगंज चौराहे पर पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण की बारीकियां बताईं। फोर्स को समझाया कि अगर उपद्रवियों को काबू करने के लिए सबसे पहले क्या करें, लाठीचार्ज करनी पड़े तो कैसे शुरूआत करें।आम जनता को कोई नुकसान न हो इसका ख्याल पहले करना है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए टियर गैस को किस ऐंगल पर फायर करना चाहिए। डीसीपी के नेतृत्व में फोर्स ने सोरांव इलाके में रूट मार्च भी किया। इलाके के लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया की पुलिस फोर्स को समय समय पर दंगा नियंत्रण का पाठ पढ़ाया जाता रहता है ताकि आपात स्थिति में वो अच्छी तरह दंगाईयों के मंसूबो पर पानी फेर सकें।

**सीसीटीवी लगवाने की हिदायत दी :** पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गंगा नगर के सोरांव बाजार में पुलिस ने रूट मार्च किया। साथ ही बाजार के दुकानदारों से बातचीत कर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की हिदायत दी। डीसीपी ने बड़े दुकानदारों से कहा कि वह रोड साइड सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं ताकि हर गतिविधियां रिकार्ड हो सकें।

## संस्कृत भाषा में टीईटी पास प्राथमिक शिक्षक चयन में पात्र नहीं, पीठ के फैसले को किया रद्द

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि संस्कृत भाषा में टीईटी प्रमाणपत्र धारक प्राथमिक शिक्षक चयन के लिए पात्र नहीं हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति डी. रमेश की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को रद्द कर दिया।एकल पीठ के फैसले के विरुद्ध जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की ओर से यह याचिका दाखिल की गई थी। उनका कहना था कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षक पद के लिए न्यूनतम योग्यता में संस्कृत विषय से टीईटी उत्तीर्ण को नहीं रखा गया था। बावजूद इसके कई अभ्यर्थियों ने दावेदारी की, जिसे बीएसए ने 19 अगस्त 2014 को खारिज कर दिया।इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे महेंद्र व अन्य को एकल पीठ ने 14 मार्च 2023 बड़ी राहत देते हुए बीएसए के फैसले को खारिज कर दिया। इसके विरुद्ध बीएसए की ओर से दाखिल विशेष अपील पर दो जजों की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को अनुचित माना। पीठ ने कहा, बीएसए के निर्णय में कुछ भी गलत नहीं है। याचीगण के पास संस्कृत भाषा में टीईटी पास होने का प्रमाणपत्र है, लेकिन कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने के लिए जरूरी टीईटी पास होने का प्रमाणपत्र नहीं है। लिहाजा, विज्ञापित शर्तों के अनुसार प्राथमिक शिक्षक के लिए वे योग्य नहीं हैं।

## न्यूज झरोखा

### दंगे के दौरान किस तरह पुलिस प्रशासन कार्य करती है यह आम जनमानस को बताया गया

#### नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया गया



**नैनी।** नैनी मेवा लाल की बगिया चौराहा पर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के निर्देशन में आगामी त्योहारों तथा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत थाना नैनी कमिश्नरेट क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल द्वारा विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानो एवं कार्यनीति का क्रमवार अभ्यास नैनी मेव लाल बगिया चौराहे पर किया गया तथा दंगा के दौरान किस तरह पुलिस प्रशासन कार्य करती है यह आम जनमानस को बताया गया। पुलिस फोर्स के साथ नैनी स्टेशन रोड नैनी बाजार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया गया मौके पर पुलिस उपयुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे एवं एसीपी करछना संजय कुमार सिंह एवं नैनी थाना अपराध निरीक्षक साजिद अली खान नैनी थाना पुलिस फोर्स और पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपने टीम के सदस्य कुलदीप पटेल विशाल सिंह सौरभ नाथ अनु त्यागी विवेक मौर्य समस्त टीम के साथ मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए अस्पताल में घुसा




**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चाका ब्लाक के सामने रविवार की भोर में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्रयागराज-मध्य प्रदेश हाईवे पर भोर में करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार एक ट्रक असंतुलित हो गया। डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक दूसरी पटरी पर खड़ी कार को रौंदने के बाद अस्पताल में घुस गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए और अस्पताल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। यह ट्रक प्रयागराज के एक विधायक का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक सतना से आ रहा था और उस पर गेहूं लदा था।

### अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से एक चोरी का ट्रक बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना नैनी मे पंजीकृत मु0अ0सं0 111/2024 धारा 379 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त शुभम चतुवेर्दी उर्फ विपिन पुत्र विद्याकान्त चतुवेर्दी निवासी भीटा थाना घूरपुर को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना नैनी पुलिस द्वारा इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन के पास के मैदान नैनी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का ट्रक बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## हिन्दी विभाग की राष्ट्रीय संगोष्ठी 4 मार्च से

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 4-5 मार्च, 2024 को भक्तकवि मीराबाई का सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतिपाद्य विषयक आईसीएसएसआर, नई दिल्ली (भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित है। संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इस संगोष्ठी में मीराबाई के सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक अवदान पर देश-प्रदेश से आए विद्वान वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया जाएगा। आमन्त्रित प्रमुख वक्तागणों में अध्यक्ष- उ. प्र. राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ साहित्यकार, लखनऊ पद्मश्री डॉ. विद्याबिन्दु सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार, भोपाल प्रो. विजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ चिन्तक एवं आलोचक, उदयपुर, राजस्थान के डॉ. माधव हाड़ा, वरिष्ठ साहित्यकार, चित्तौड़गढ़, राजस्थान डॉ. शुभदा पाण्डे, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. संतोष भदौरिया, पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, राँची विश्वविद्यालय के प्रो. जंग बहादुर पाण्डे, अध्यक्ष-समाजशास्त्र विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, म.प्र. के प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, अध्यक्ष-हिन्दी विभाग, प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व कुलपति तथा पूर्व अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी प्रो. सदानन्द साही, अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रो. वशिष्ठ अनूप, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी की प्रो. श्रद्धा सिंह, साथ ही प्रो. प्रभाकर सिंह हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो. दीपक कुमार त्यागी : आचार्य एवं अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो. उमापति दीक्षित : अध्यक्ष- नवीकरण एवं भाषा प्रसार विभाग, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह : हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो. शिवप्रसाद शुक्ल : हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो. सर्वेश कुमार सिंह : अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो. अनुराग कुमार : मानविकी संकायाध्यक्ष- म. गाँ. काशी विद्यापीठ, वाराणसी, डॉ. शशांक शुक्ल : अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह : अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, प्रो. राजेन्द्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय, नैनी, प्रयागराज, डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह : निदेशक- म. मो. मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान, म. गाँ. काशी विद्यापीठ, वाराणसी, डॉ. रविनन्दन सिंह : वरिष्ठ साहित्यकार, प्रयागराज, डॉ. कमल स्वरूप श्रीवास्तव नयी दिल्ली अपना सम्बोधन देंगे। समापन सत्र में के मुख्य अतिथि जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रो० हरिकेश सिंह होंगे।

## श्री विश्वकर्मा महात्म्य : एक विमर्श विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**प्रयागराज।** विश्वकर्मा समाज का एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी श्री विश्वकर्मा महात्म्यः एक विमर्श का सफलतापूर्वक अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान, अलोपीबाग, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि माननीय श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, समाज को संगठित करते हुए आगे बढ़ने से बड़ी कोई चुनौती नहीं है। उन्होंने अपने छोटे-छोटे जीवन के जीवन्त किन्तु सत्य अनुभवों से रूबरू कराया। मुख्य वक्ता श्री जयन्ती भाई शास्त्री ‌(वैश्विक विश्वकर्मा महापुराण कथा वाचक) ने बताया कि माला छोड़ो, मंच छोड़, तब समाज को जोड़ो। उन्होंने वेद, पुराणों, ग्रन्थों में वर्णित भगवान विश्वकर्मा के कृत्यों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दुसरे मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर अमलदार निहार ने अपने उद्बोधन में समाज में प्रेम व भाईचारा को बढ़ाने पर जोर दिया तथा शिक्षकों महत्ता को जीवन के लिये महत्वपूर्ण बताया। मंच को श्री त्रिपुणायक विशवकर्मा, जगदीश पांचाल, मनोज कुमार विश्वकर्मा ने भी सम्बोधित किया। उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे राम प्यारे विश्वकर्मा ऑक्सीजन मैन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि विश्वकर्मा समाज की पहचान बहुत पुरानी है लेकिन इस समाज को अधिक से अधिक शिक्षित होने की आवश्यकता है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के दुसरे सत्र जो कि तकनीकी सत्र थे में क्रमशः श्री रामायण विश्वकर्मा, डॉ. शिव प्रसाद विश्वकर्मा, रमाकांत विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, ओ पी विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, शिव पति विश्वकर्मा (पत्रकार), बच्चा विश्वकर्मा, डॉ. दयालराम शर्मा, डॉ. विरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, डॉ. शशि कुमार विश्वकर्मा, प्रोफेसर सुनीता आर्या, संजय तलसानिया, बाबूलाल शर्मा, राम निरंजन विश्वकर्मा, इस कार्यक्रम के माध्यम से विश्वकर्मा समाज से सम्बन्ध रखने वाले देश के विभिन्न कोनों से आये हुए एवं अनेकों विभागों में कार्य के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करने वाले समाज के अनेकों महानुभावों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रोफेसर शिव प्रसाद विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का वाचिक स्वागत किया। प्रोफेसर संजय प्रसाद शर्मा ने सभी वक्ताओं, आगन्तुक अतिथियों, पत्रकारों, आयोजकों, व समस्त कार्यकताओं के प्रति आयोजन समिति की तरफ से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर महेन्द्र विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, हरि प्रसाद विश्वकर्मा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, लालता विश्वकर्मा, शिव प्रसाद, मैकू लालविश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, रमाकान्त शर्मा, ईश्वर चन्द विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पहली सूची में संगम लाल का नाम आने से बेल्हा के भाजपाई गदगद

## मोदी ने विकसित भारत की गारंटी के लिये जनता से मांगे सुझाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्या एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने अपनी संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि प्रथम चरण में अधिसूचना के पहले प्रतापगढ़ का टिकट घोषित करने से हम सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव की रणनीतिक सफलता हेतु पर्याप्त समय मिल गया।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनपद का पूरा कार्यकर्ता सांसद के कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है अभी हमारा घोषणा पत्र नही बना है, पर मोदी जी की इच्छा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये जन सहभागिता जरूरी है जिसके लिये कल से हमारे



पत्रकारवार्ता में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

जनपद में विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत संकल्प पत्र संकलन एवं वीडियो वैन का संचालन होगा। इस अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु नागरिको से सुझाव एकत्रित किये जाएंगे। यह अभियान उ0प्र0 में 3 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा। सांसद ने कहा कि सरकार की सर्वांगीण विकास की सोच का परिणाम है कि आज आजादी के 70 साल बाद प्रतापगढ़ जैसी जगह पर भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने में हम सफल हो सके। नगर के भुपियामऊ से गोंडे के बीच 11.3 किमी को सीसी रोड़ डिवाइडर सहित निर्माण कार्य की प्रकिया आरम्भ है जल्द ही नगर के मध्य की सड़क की तस्वीर बदलती दिखेगी। इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि आज बड़े पैमाने पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प योजना में दुरुस्तीकरण कराने के साथ साथ नये भवनों का निर्माण और कई शासकीय इंटर कॉलेजों और महाविद्यालयों का निर्माण कराकर भावी पीढ़ी को शिक्षा से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय, जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# सच्ची श्रद्धा से ही होता है ईश्वर से मिलन- आचार्य अरुणेश

## राजातारा में हो रही भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के राजातारा गांव में पूर्व प्राचार्य भगवानदीन त्रिपाठी के संयोजन में हो रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन भी श्रोताओं की भीड़ दिखाई दी। कथा व्यास आचार्य अरुणेश त्रिपाठी महराज ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति निष्काम भाव व सच्ची श्रद्धा से ही सम्भव है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया।इस दौरान आए श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे।

कथा व्यास ने पूतना चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि पूतना राक्षसी ने श्रीकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर



भागवत कथा कहते आचार्य अरुणेश त्रिपाठी।

लाती है। उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। उन्होने कहा कि सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। कथा व्यास जी ने इस दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन भी किया। श्रोताओं ने विवाह प्रसंग सुनकर भाव विभोर हो गए। आभार प्रदर्शन रामकृष्ण त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर आचार्य बृजबिहारी मिश्र, दिवाकरपाल तिवारी, श्रीनारायण तिवारी, राजकुमार मिश्र, भाष्कर पाल त्रिपाठी, अंजनी अमोघ, कामता प्रसाद तिवारी, मुन्ना शुक्ला, कमलेश तिवारी आदि

# संयुक्त अधिवक्ता संघ चुनाव समिति व ऐल्डर कमेटी का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर ऐल्डर कमेटी व चुनाव समिति का सर्वसम्मत चयन किया गया है। इसके तहत पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल चुनाव समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र महामंत्री चयनित हुए हैं।

चुनाव समिति में पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू को उपाध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष शिवाकांत उपाध्याय को कोषाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र को समिति का प्रवक्ता तथा पूर्व अध्यक्ष बेनी लाल शुक्ल को आय-व्यय निरीक्षक चयनित किया गया है। वही ऐल्डर कमेटी में पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र को अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को महामंत्री चयनित किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष केबी सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव के नाम पर सर्वसम्मति बनी। ऐल्डर कमेटी तथा चुनाव समिति के गठन के बाद अगले सोमवार को चुनाव समिति द्वारा निर्वाचन कार्यक्रमों की रूपरेखा पर बैठक का ऐलान किया गया है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, राममोहन सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, पं. राधारमण शुक्ल भी मौजूद रहे।

# वालीबाल प्रतियोगिता में आठ जनपदों की टीमों ने लिया हिस्सा

## कटरा मेदनीगंज में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज में बच्चा हकीम वालीबॉल कप 2024 अंसारी बिल्डिंग मैटेरियल मरहूम हाजी अब्दुल हई के सौजन्य से मरहूम हकीम मक़सूद अली की याद में आयोजित किया गया वालीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सपा नेता लोकसभा प्रत्याशी प्रतापगढ़ शिवपाल सिंह पटेल ने किया।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि अशफाक अहमद ब्लॉक प्रमुख मान्धाता रहे। विशिष्ट अतिथि नागेन्द्र सिंह मुन्ना यादव पूर्व



अतिथियों का स्वागत करते आयोजकगण।

विधायक, डॉ0 नीरज त्रिपाठी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी (कांग्रेस), अब्दुल कादिर जीलानी, जिला महासचिव (सपा) रहे। आयोजक अब्दुल हकीम अंसारी पूर्व सभासद चेयरमैन प्रत्याशी, डॉ0 मो0 इमरान रहे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन हकीम मो0 इरशाद व उपाध्यक्ष डॉ0 महमूद हसन,मो0 हारिस महासचिव हकीम मो0 अफ़ज़ल, सचिव मो0 अख्तर और संचालन जमशेद अनवर कर रहे। इस दौरान चार टीमों ने सेमीफाइनल में हिस्सा लिया जिसमें सैफई, मैनपुरी, अकबरी क्लब व इलाहाबाद हॉस्टल रही। इन्ही चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जाना था। अचानक मौसम ने अपना रुख बदला और तेज हवा के साथ बारिश होने से टूर्नामेंट को निरस्त कर दिया गया। टूर्नामेंट में प्रमुख रूप से डॉ0 रामबहादुर पटेल सपा नेता, मो0 फहीम पप्पू, पवन सरोज कौसम्बई लोकसभा प्रत्याशी,संजय सरोज चेयरमैन पिर्थिगंज,सलमान प्रधान नसीरपुर, मो0 साजिद सभासद, पवन सिंह सभासद,मो0 सदान सभासद, तबारक हुसैन सभासद, इब्ने अली राईन सभासद,शोएब कुरैशी पूर्व सभासद, सद्दाम अहमद माजिद सपा नेता, इंजी0 अनीस अहमद भिवंडी, हकीम तौसीफ अख्तर भिवंडी, अहमद उल्ला भिवंडी, अब्दुल हमीद भिवंडी, डॉ0 मो0 कासिम, हाफिज मो0 नसीम, मो0 शाहरुख राईन आदि मौजूद रहे।

# तूफान के साथ हुई बरसात के कारण गेहूं की फसल व सरसों बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा में शनिवार की रात से शुरू बूंदाबांदी के बाद रविवार की सुबह मौसम और खराब हो गया। रात नौ बजे के करीब तेज हवा के साथ इलाके में तेज बारिश हुई। इससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है।

किसानों को अब उपज प्रभावित होने की आशंका सता रही है। वहीं आगे भी मौसम साफ होने की आसार अभी नहीं हैं। शनिवार देर रात बूंदाबांदी भी होती रही। बूंदाबांदी के चलते किसान परेशान थे, लेकिन उनकी परेशानी शनिवार की और बढ़ गई। शनिवार को शाम 8 बजे के करीब तेज हवा के साथ इलाके में तेज बारिश हुई।

# स्वर्ण व्यवसायी से लाखों की लूट करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

## 12 फरवरी को हुई थी लूट, पुलिस ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत भिटारी मोड़ परियावां के पास 12 फरवरी को मोटर साइकिल सवार चार अज्ञात बदमाशों द्वारा डिस्कवर मोटर साइकिल सवार सोने चांदी के व्यापारी से तमन्चा दिखाकर उसका बैग लूट लिया था। लूट करने के प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 14/2024 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में अपर पुलिस



लूटकाण्ड का खुलासा करते उप पुलिस अधीक्षक कुण्डा अजीत सिंह।

अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज के थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री धीरेन्द्र ठाकुर मय हमराह उ0नि0 दिलीप कुमार पाल व उ0नि0 मिथलेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/विवेचना/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र नवाबगंज के कंदई मोड़ के पास रेवली मोड़ से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 14/24 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित दो अभियुक्तों गोविन्द मंगता पुत्र बंटू मंगता नि0 कमण्डी चक रामपुर गड़ौली थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ व अंकित सोनी उर्फ छोटू पुत्र राम अचलसोनी नि0 कमण्डी चक रामपुर गड़ौली थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित लूट का सफेद धातु 135 अदद व पीली धातु 07 अदद, व चिट बंदी शुदा 500 रुपयें व 01 अदद तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों गोविन्द मंगता व अंकित सोनी ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो व मेरे दो अन्य साथियों ने मिलकर तमन्चा दिखाकर भिटारी मोड़ के पास से सोने चांदी के व्यापारी के पास से आभूषणों से भरा बैग छीन लिया था बैग छीनने के बाद सामान को बांट लिया था बरामद सामान हम लोगो के पास उसी लूट का है व कुछ सामान मेरे अन्य दो साथियों के पास है, आभूषणों को हम लोग बेचने जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना के छेंमर सरैंया के घासी के पुरवा में युवक ने साड़ी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक युवक ने अज्ञात करणों से घर के भीतर छत पर लगे चुल्ले से लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली । रविवार की सुबह जब मृतक के काफी कमरे का दरवाजा काफी देर तक नही खुला तो परिजन अनहोनी की आशंका में काप उठे। परिवार के सदस्यों ने खिड़की से कमरे के अंदर झांक तो युवक को फंदे से लटकता देख अवक रह गए। छेंमर सरैंया गांव के घीसा के पुरवा में रविवार की सुबह 20 वर्षीय ऋतिक गौतम पुत्र श्यामलाल गौतम का शव साड़ी के फंदे से लटकता मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। परिजनों के मुताबिक मृतक ऋतिक शनिवार को रात में घर में खाना खाने के बाद प्रतिदिन की भांति चाचा कड़ेदीन के घर में सोने के लिए चला गया और सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना के बाबत परिजन कुछ बता नही पा रहे हैं । मृतक पांच भाइयों बल्लू गौतम, रवि, शिवम व शुभम गौतम से छोटा था। बड़ा भाई बल्लू दिल्ली में रहता है। मृतक के पिता तीन भाई हैं। पिता श्यामलाल मिस्त्री है। मृतक इंटर की पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहता था और अविवाहित था। घटना से मां रानीदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है। लीलापुर एसओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के

# अमर अकादमी के वार्षिक उत्सव में प्रस्तुतियों से बच्चों ने सबका मन मोहा

## मुख्य अतिथि के रुप में अपर जिला जज ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमर एकेडमी अजीत नगर प्रतापगढ़ का वार्षिकोत्सव शैक्षणिक वातावरण में गीत, संगीत, नृत्य, नाटक व प्रहसन की प्रस्तुतियों के साथ मनोहारी प्रभाव छोड़ते हुए संपन्न हुआ। सर्वप्रथम शिक्षा व ज्ञान की देवी सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन हुआ। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना व गणेश वंदना गाकर सबके हृदय को भक्तिमय कर दिया।

अतिथि गण बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत सुनकर मंत्र मुग्ध हुए। इस कार्यक्रम को आलमीन बानो, राधिका, राशि गुप्ता,अंशिका जानवी, वर्णिका,अवंतिका आदि ने प्रस्तुत किया। बच्चों ने मैं गड्डी लेकर, मेरा वाला डांस, बम बम भोले, राम आएंगे, हो जाएगी बल्ले बल्ले, गलती से मिस्टेक इत्यादि विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करके बच्चों ने पूरे समारोह को ऐतिहासिक व यादगार बना दिया। कार्यक्रम के आरंभ में अकादमी के प्रबंधक के. बी. सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों को संस्कार देना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा




वार्षिकोत्सव में अपनी प्रस्तुतियां देते बच्चे।

जागरूकता प्राधिकरण का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम से एकेडमी प्रबंधक द्वारा अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बालकों का सर्वांगीण विकास है। शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पीता है वही गरजता है। उन्होंने अनेक विधिक जानकारियां दी। कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य लोगों को जागरूक करके उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश डॉक्टर दयाराम मौर्य रत्न ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मुग्ध कारी कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। अतः उनके विकास का प्रमुखता से ध्यान दिया जाना चाहिए। मोबाइल, टीवी, कंप्यूटर के अति प्रयोग से बच्चों को बचाना चाहिए। खान-पान तथा रहन-सहन संतुलित होना चाहिए। जोर देकर कहा कि संस्कारित बच्चे माता-पिता तथा समाज को सुखमय बनाते हैं। कार्यक्रमों की तैयारी में अकादमी के स्टाफ ओंकार नाथ गुप्ता, अमृत बाला मौर्य, वंदिशा सिंह, प्रतिभा मौर्य, अंकिता मिश्रा, वीनम श्रीवास्तव, खुशबू मौर्य, माधुरी चतुर्वेदी, पूनम विश्वकर्मा, शाहीन ,तन्वी शुक्ला,नितिन तिवारी ने अत्यधिक परिश्रम किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न दिए गए। संचालन शिक्षक ओंकारनाथ गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अनेक प्रबुद्ध जन विश्वनाथ त्रिपाठी, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, राकेश कनौजिया, राम आसरे सिंह, दुर्गेश सिंह, सभासद अनिल कुमार सिंह, उदयभान सिंह, डॉक्टर नीलम सिंह उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय की प्रबंधिका सावित्री सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# हेपेटाइटिस इंफेक्शन से बचे वरना जा सकती है जान

## लीवर से जुड़ी है इस बीमारी में छह माह में रोगी हो जाता है गंभीर

## ट्रेनिंग से लौटे फिजिशियन डॉ खत्री मरीजों को कर रहे जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अगर किसी को हेपेटाइटिस का संक्रमण है तो वह खानपान के साथ इलाज के प्रति संभल जाए। लापरवाही बरतने पर जान भी जा सकती है। बीमारी क्रोनिक स्टेज पर पहुंचने पर लाइलाज हो जाती है। फिर वह चंद महीने का मेहमान रहता है। उसकी कभी भी मौत हो सकती है।

इस विषय पर लखनऊ में आयोजित सेमिनार का हिस्सा बने मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ मनोज खत्री ओपीडी में मरीजों को इससे आगाह करने के साथ साथ उन्हें जागरूक करने का काम कर रहे हैं। हेपेटाइटिस को यकृत शोथ कहते हैं। इसके नाम से ही मालूम हो रहा है कि यह लीवर से संबंधित बीमारी होती है। वैसे तो शिशु को बचपन में ही इसका टीका लगवाना देना चाहिए। लेकिन लोग जागरूकता के अभाव और अफवाहों के चक्कर पड़ कर नहीं लगवाते हैं। जबकि सरकारी अस्पतालों में इसका टीका निःशुल्क लगता है। हेल्थ डिपार्टमेंट के टीकाकरण कार्यक्रम में भी इसको शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह लीवर से जुड़ी बीमारी है। जो वायरल इंफेक्शन से फैलती है।

### जागरूकता का अभावः डाक्टर खत्री

**प्रतापगढ़।** इस बारे में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मेडिसिन विभाग के हेड डाक्टर मनोज खत्री कहते हैं कि यह बीमारी जानलेवा है। इसके टीके अस्पतालों में लगते है। लोग इसके प्रति जागरूक नहीं है। आए दिन इस तरह मरीज मिलते हैं।

इससे लीवर में सूजन आती और जलन होने लगती है। उन्होंने बताया कि इसका इंफेक्शन तेजी से लीवर को डैमेज करता है। अनदेखी के कारण जब यह बीमारी क्रोनिक हो जाती है तो लाइलाज बन जाती है। छह माह में मरीज की मौत हो सकती है।वर्तमान में इसका कोई इलाज नहीं है। डाक्टर इसकी तुलना एचआइवी से करते हैं। मालूम होने पर लोग शादी से इंकार कर देते हैं। डाक्टरों के अनुसार हेपेटाइटिस के मरीजों को नमक और पानी कम मात्रा में पीना चाहिए। बसा वाले और तलाभुना भोजन से दूर रहें। रोगी को नींबू, आंवला, आमचूर और काली मिर्च का प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा उसे आटे की ब्रेड,दलिया, खिचड़ी का सेवन करना चाहिए।

# पल्टन बाजार में नपा के टैंकर से हो रही जलापूर्ति

## ट्रांसफार्मर फुंकने से ठप है विद्युत आपूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पल्टन बाजार में बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इससे सबसे बड़ी समस्या जलापूर्ति की आ गई हैं। इस समस्या को देखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने नगर पालिका का टैंकर भेजकर पल्टन बाजार में जलापूर्ति करा रहे हैं। इससे लोगों को पेयजल की समस्या से राहत मिली है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह का स्पष्ट निर्देश है कि जब तक पल्टन बाजार में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था न हो जाए, तब तक नगर पालिका का टैंकर वहां जलापूर्ति करता रहेगा। बिजली विभाग से पता चला है कि सोमवार तक ट्रांसफार्मर को बदला जा सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं युवक की मौत को लेकर ग्रामीणों को भी आश्चर्य में देखा गया। लालगंज कोतवाली के बेलहा कान का पुरवा निवासी आशीष सरोज ऊर्फ कल्लू 20 वर्ष पुत्र रामसुंदर सरोज शनिवार की रात खाना पीना खाकर घर में सोने चला गया।

रविवार की सुबह जब मृतक आशीष काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी मां माधुरी उसे चाय देने के लिए कमरे में खुद पहुंच गई। मां ने बेटे को कई बार आवाज दिया। किंतु जब वह निरुत्तर दिखा तो माने उसे झगझोड़ा मां के हिलाने डुलाने के बाद भी जब आशीष की शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो वह अनहोनी की आशंका में सीखने चिल्लाने लगी। मृतक की मां की चीख पुकार सुन पड़ोस के लोग पहुंचे तो देखा आशीष की मौत हो गई है। आशीष की मौत की जानकारी होते ही परिजन सीखने चिल्लाने लगे। मृतक युवक तीन भाइयों व चार बहनों में सबसे छोटा था वहीं मृतक का पिता परिवार के जीवकोपार्जन के लिए भट्टे पर काम करता है। जबकि मृतक युवक भी घर परिवार चलाने के लिए राजपूत टेंट हाउस में श्रमिक का काम करता था। आशीष की मौत को लेकर परिजन कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं दिखे।

वही गांव में अंदर खाने में यार चर्चा देखी सुनी गई की गरीब का होने के नाते आशीष पर जिम्मेदारियां अधिक थी इसके इधर भी आशीष की मौत को लेकर गांव में काना फूंसी होती दिखी। परिजनों ने मृतक आशीष का अंतिम संस्कार भी कर दिया है। उधर नवाबगंज थाना क्षेत्र के छिंदौरा गांव की रहने वाली काजल पुत्री राजेंद्र सरोज (17) वर्ष यह रविवार की सुबह लगभग साढे सात बजे गांव के सामने ही रेलवे ट्रैक की तरफ शौच के लिए गई थी की तभी कानपुर से प्रयाग जाने वाली कानपुर पैसेंजर ट्रेन की चपेट मेंआ गई जिससे काजल की मौके पर ही मौत हो गई जब इसकी जानकारी स्वजन को हुई तो मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना नवाबगंज पुलिस को दी। नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका काजल के बाबा भगौती प्रसाद की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रतापगढ़ भेजा। मृतिका दो भाई व दो बहनों में सबसे बड़ी है। इसके पिता राजेंद्र सरोज जीवकोपार्जन के लिए दूसरे शहर में काम करते हैं।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से दो सगे भाई सहित तीन की मौत चारों ओर कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** हाई वोल्टेज विद्युत तार की करंट के चपेट में आने से तीन लोगों की मौत के बाद चारों ओर कोहराम मचा रहा लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के बाद तीन लोगों की मौत के बाद भी बिजली अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों का दुख दर्द बांटने की कोशिश नहीं की है कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के रामनगर उसरापुर में शनिवार की रात बारात में शामिल डीजे हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आ गया जिससे बारात में शामिल दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और विद्युत करंट से कई लोग झुलस गए हैं तीन लोगों की मौत के बाद एक बार फिर बिजली विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है बिदाव के मझियारी चक एलई रोशन उर्फ दुल्हनियापुर से पिंटू प्रजापति पुत्र जगपत लाल प्रजापति की बारात कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के रामनगर उसरा पर निवासी अमृता पुत्री बदलू प्रसाद प्रजापति के घर शनिवार को गई थी बारात में डीजे के धुन पर बाराती नाच रहे थे नीचे लटक रही हाई वोल्टेज विद्युत तार से डीजे छू गया और हाई वोल्टेज तार के छूते ही डीजे में करंट उतर आया और नाच गाने में मस्त दूल्हे के रिश्तेदार राजेश कुमार रवि कुमार पुत्रगण राम भवन की झुलस कर मौके पर मौत हो गई विद्युत करंट से सतीश कुमार पुत्र लालाराम मजदूर की मौत हो गई है तीन लोगों की विद्युत करंट से मौत के बाद कोहराम मच गया दुर्घटना में तीन लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही तमाम राजनीतिक दल के नेता मृतक परिवार के घर सान्त्वना देने पहुंचे लेकिन खबर लिखे जाने तक बिजली विभाग के अधिकारियों का दिल नहीं पसीजा और मृतक के घर बिजली विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे हैं तीन लोगों की मौत के जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों ने अभी तक अपनी लापरवाही पर जिम्मेदारी नहीं ली है बिजली विभाग के किसी भी लापरवाह अधिकारी पर खबर लिखे जाने तक कार्रवाई नहीं हुई है मामले को मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया तो बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों पर निलंबन के कार्यवाही होना तय हैं तीन लोगों की दर्दनाक मौत के बाद जिला अधिकारी ने भी अभी तक विद्युत अधिकारियों पर कार्यवाही करने के लिए शासन को पत्र नहीं लिखा है। सत्ता पक्ष के नेताओ ने भी तीन लोगों की मौत के बाद सरकारी मशीनरी की लापरवाही पर जुबान नहीं खोली है।

### मृतक परिवार से मिले पूर्व सांसद मदद का दिया आश्वासन

### बारात में नाचने के दौरान ढीली हाई वोल्टेज विद्युत तार के करंट से तीन लोगों की हुई थी मौत



**भरवारी कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के उसरा में बारात में नाच गाने के दौरान हाई टेंशन विद्युत की ढीली तार से डीजे टच हो जाने से विद्युत करंट डीजे में उतर आया जिससे दो सगे भाइयों रवि कुमार वा राजेश कुमार पुत्रगण राम भवन निवासी माझियारी चक थाना कौशांबी वा सतीश कुमार पुत्र लालाराम निवासी काजू थाना चरवा सहित तीन लोगों की मौत हो गई मामले की सूचना मिलते ही पूर्व सांसद जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार मृतक परिवारों से मिले हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है पीएम हाउस पहुंचे पूर्व सांसद ने कहा कि विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से दो सगे भाइयों समय तीन लोगों की मौत हुई है अपने बीच पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को देखकर मृतक परिवार के लोग फफक फफक कर रोने लगे उन्होंने मृतक परिवार के लोगों को धैर्य रखने को कहा है और शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को आकस्मिक लाभ प्रधानमंत्री कृषक बीमा का लाभ तथा परिवार को खेती के लिए जमीन का पट्टा दिए जाने की मांग की है उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के जे ई एवं एसडीओ के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि विभाग के लापरवाह अधिकारियों की वजह से विद्युत तारे ढीली थी और विभागीय अधिकारियों ने ढीले विद्युत तारों को समय रहते ठीक नहीं किया है जिससे तीन लोगों की करंट से मौत हुई है लापरवाह विद्युत अधिकारियों पर कार्यवाही किए जाने समय से विद्युत तार को ठीक करवाने की मांग पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने की है।

## न्यूज झरोखा

### युवक की सड़क हादसे में मौत, परिजनों ने नामजद मुकदमा कराया दर्ज




**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के गुलामीपुर के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की भोर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के पिता शिव वचन ने सैनी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के ही अनिल कुमार पुत्र राम मनोहर,चंदन पुत्र रामचरण निवासी सरवा काजी थाना संदीपन घाट उसके पुत्र कुलदीप उम्र 25 वर्ष को बीती शनिवार शाम मूरत गंज चलने के लिए बुला ले गए आज रविवार भोर 5 बजे सूचना दिया कि उसके पुत्र का जनता अस्पताल में इलाज चल रहा मौके पर परिजनों संग पहुंचा तो देखा उसकी मृत्यु हो चुकी है ।वहीं कोतवाली पुलिस ने बताया युवक आरोपियों के साथ डीजे वाहन से कहीं शादी कार्यक्रम में गया था गुलामी पुर के पास वाहन पंचर हो गया उस पर जैक लगाकर गाड़ी का पंचर बनवा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने ट्राली में टक्कर मार दी जिससे डीजे में रखा लाइट गमला युवक पर गिर गया जिससे उपचार के दौरान युवक की मौत हुई है कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### सवारी से भरा अनियंत्रित टेंपो पलटा एक की मौत कई लहूलुहान



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सैनी चौराहा से दर्जनों सांवरिया लेकर जा रहा टेंपो कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कल्यानपुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया है टेंपो पलट जाने से उसमें बैठी सवारियां टेंपो के नीचे दब गई है मौके पर कोहराम मच गया है हादसे में आधा दर्जन से अधिक सवारियों को गंभीर चोटें आई हैं हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन एक व्यक्ति की इलाज के पहले ही मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल लोगों के परिवार वालों को फोन के जरिए सूचना दे दिया है हादसे की सूचना पाकर घायल के परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए हैं। रविवार की दोपहर सैनी चौराहे से सवारी लेकर एक टेंपो मूरतगंज के लिए जा रहा था जिसमें दर्जन भर से अधिक सवारियां सवार थी जैसे ही यह टेंपो कोखराज थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित निधियावा कल्याणपुर के पहलवांन ढाबा के पास पहुंचा अचानक टेंपो चालक अनियंत्रित हो गया और देखते-देखते टेंपो सड़क किनारे पलट गया है टेंपो पलट जाने से उसमें सवार सवारियां टेंपो के नीचे दब गयी मौके पर चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस के सहयोग से एंबुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल भेजा गया लेकिन हादसे में गंभीर रूप से घायल जुग्गी लाल उम्र 48 वर्ष पुत्र पितई निवासी काशिया पश्चिम थाना कोखराज की मौत हो गई है इस हादसे में अरविंद पुत्र मन्नू लाल निवासी बछरावां लखनऊ व अन्य लोग घायल है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है समाचार लिखे जाने तक अन्य घायलों का नाम पता नहीं मिल सका है।

# सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा मंझनपुर के अन्तर्गत सर्वाधिक बूथ वाले मतदान केंद्र-प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम,करारी इंटर कॉलेज,प्राथमिक विद्यालय करारी,उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरब शरीरा, जिला पंचायत इंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा तथा प्राथमिक विद्यालय टेवा का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं आदि वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर उपस्थित रहे।

# शासन द्वारा सभी राजकीय विद्यालयों के लिए रुपए-13.46 करोड़ तथा 07 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए रुपए-12.56 करोड़ स्वीकृत

### अध्यक्ष जिला पंचायत,मुख्य विकास अधिकारी एवं पूर्व विधायक ने प्रोजेक्ट अलंकार योजनातर्गत जनपद के राजकीय विद्यालयों/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के स्वीकृत कार्यों का किया शुभारंभ/शिलान्यास






**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में "प्रोजेक्ट अलंकार" योजना के तहत स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना अध्यक्ष,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर,मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं पूर्व विधायक शीतल प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल द्वारा "प्रोजेक्ट अलंकार" योजनातर्गत जनपद के सभी 25 राजकीय विद्यालयों तथा 07अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों-श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा,कृषक इंटर कॉलेज हिनौता,जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज सरसावा,महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज आलमचन्द,श्रीमान सिंह इंटर कॉलेज अलीपुरजीता,फिरोज गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद एवं श्री जगत नारायण करवरिया इंटर कॉलेज नारा में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष,स्वच्छ पेयजल, बालक-बालिका शौचालय, प्रयोगशाला कक्ष एवं मल्टीपर्पज हाल के स्वीकृत कार्यों का बटन दबाकर शुभारंभ शिलान्यास किया गया शासन द्वारा सभी राजकीय विद्यालयों के लिए रुपए-13.46 करोड़ तथा 07 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए रुपए-12.56 करोड़ स्वीकृत किया गया है।अध्यक्ष,जिला पंचायत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम जिस चीज को पाने के लिए मेहनत करते हैं तो उसमें अवश्य सफलता मिलती है। उन्होंने कविता के माध्यम से कहा कि "जिंदगी एक चाह है, चाह के पीछे छिपी एक राह है, राह के पीछे छिपी एक मंजिल है और मंजिल के पीछे छिपी मेहनत है", अगर मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य हमारे चरण चूमेगी मुख्य विकास अधिकारी ने "प्रोजेक्ट अलंकार" योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालयों में न केवल अच्छा भवन एवं फर्नीचर होना चाहिए,बल्कि इसके साथ ही स्मार्ट क्लास के लिए जरूरी उपकरण भी हो,पढ़ाई में तकनीक का भी उपयोग किया जाय। शासन की प्रोजेक्ट अलंकार योजना एक बहुत ही अच्छी योजना है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत 32 विद्यालयों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी हमेशा प्राथमिकता रहती है कि कोई भी बच्चा पढ़ाई से छूटने न पाए तथा पठन पाठन में कोई कोताही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि जनपद कौशांबी कई योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रथम एवं दूसरे स्थान पर रहा है इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एस0एन0 यादव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लोकसभा टिकट देने के पूर्व भाजपा शीर्ष नेतृत्व को करना होगा गहन मंथन...

**अखंड भारत संदेश**

### सत्ता के मद में चूर भाजपा सांसद विनोद सोनकर अपने को किसी बाहुबली से कम नही समझते
### सांसद द्वारा अधिकारियों को लिखे गए कितने पत्र पर जनता को न्याय मिला यह खड़ा है बड़ा सवाल

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्याशी का टिकट देने के पूर्व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को गहन मंथन किए जाने की जरूरत है कौशांबी क्षेत्र की जनता ने 10 वर्षों तक लगातार कौशांबी से विनोद सोनकर को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया लेकिन गांव क्षेत्र में विकास नहीं हो सके हैं आम जनता को न्याय नहीं मिल सका भ्रष्टाचार चरम पर है अधिकारियों की बल्ले बल्ले हैं न्याय और योजनाओं का लाभ पाने के लिए जनता परेशान है दर-दर पर जनता का उत्पीड़न हो रहा है लेकिन कहीं भी कानून का राज नहीं स्थापित हो सका है जिससे जनता विनोद सोनकर से नाराज है वर्तमान सांसद विनोद सोनकर पर एक तरफ सवर्ण समुदाय के लोगों पर जातिगत टिप्पणी करने के बाद जहां जबरदस्त आक्रोश दिखाई पड़ रहा है वही दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की 100 करोड़ की संपत्ति में कब्जा किए जाने के बाद शिक्षकों से लेकर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश दिखाई पड़ रहा है सत्ता के मद में चूर भाजपा सांसद विनोद सोनकर अपने को किसी बाहुबली से कम नहीं समझते इस तरह में यदि विनोद सोनकर को भाजपा से लोकसभा टिकट देकर के लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया तो क्या भाजपा की राह आसान होगी जनता 10 वर्षों का हिसाब करने के मूड में दिखाई पड़ रही है।

सांसद बनने के बाद सत्ता के मद में चूर विनोद सोनकर ने बल्लभ राम शालिग्राम मेहता अस्पताल भरवारी की 100 करोड़ कीमत की संपत्ति पर कब्जा कर लिया था जिससे जिले के लोगों में सांसद के प्रति जबरदस्त आक्रोश है और आने वाले लोकसभा चुनाव में सांसद विनोद सोनकर को कौशांबी की जनता जवाब देने की पूरी रणनीति बना चुकी है अपने ही पार्टी के विधायकों का पर्दे की ओट से विरोध करने का आरोप भी सांसद विनोद सोनकर पर बराबर लगता रहा है विधायक के चुनाव में जब सम्भावित प्रत्याशियों का इन्होंने विरोध किया तो कुछ प्रत्याशियों को टिकट ही नहीं मिला तो कुछ प्रत्याशी को टिकट मिला तो वह चुनाव हार गए यहां कलंक सांसद विनोद सोनकर पर चमक रहा है और लोकसभा चुनाव में इसका खामियाजा इनको भुगतना पड़ेगा अब इस स्थिति में भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने विनोद सोनकर को कौशांबी लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया तो उनके विरोधी मुखर होकर विरोध करेंगे तो भाजपा की राह कठिन होगी इतना ही नहीं ब्लॉक प्रमुख चुनाव में भी भाजपा के कद्दावर नेताओं को किनारे करने के बाद दूसरे दल के नेताओं को टिकट देकर उन्हें ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ाया गया दूसरे दल से आए ब्लॉक प्रमुख के दावेदार योगी मोदी के नाम पर चुनाव जीतकर कुर्सी पर काबिज तो हो गए लेकिन आम जनता के बीच उनकी पकड़ नहीं बन सकी है जिन लोगों का ब्लाक प्रमुख के चुनाव में टिकट काटा गया है वह मौके के इंतजार में है नगर पालिका के चुनाव में भी बाहरी लोगों को वरीयता दी गई है योगी मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले लोग प्रत्याशी बनाए गए हैं पार्टी के नाम का फायदा उठाकर चुनाव तो जीत गए लेकिन जनता के बीच उनकी पकड़ नहीं बन सकी लोकसभा चुनाव में अब बगावत कर सकते हैं हमेशा अधिकारियों के आगे पीछे लगे रहने वाले मंच और मीटिंग तक सीमित सांसद विनोद सोनकर पर भी जनता के जनहित के कार्यों से किनारा करने का आरोप लगता रहा है मंच मीटिंग से भाषण देने तक यह सीमित रहे लेकिन आम जनता इनसे मिलने को तरसती रही अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सांसद विनोद सोनकर अधिकारियों के कार्यो का जयकारा करने जनता का उत्पीडन करने वाले अधिकारियों की बातों को सच साबित करना उनकी दिनचर्या और आदत में शामिल था अधिकारियों के अत्याचार उत्पीड़न से आम जनता रोती रही न्याय की भीख मांगती रही लेकिन गरीब कमजोर मजलूम लोगों की जमीनों में कब्जा होता रहा सांसद की चौखट पर पीड़ित परिवार फरियाद करता रहा लेकिन आम जनता के प्रार्थना पत्रों में केवल राजनीतिक हित की बयान बाजी कर उसे टरकाया जाता रहा सांसद द्वारा अधिकारियों को लिखे गए कितने पत्र पर जनता को न्याय मिला यह बड़ा सवाल है न्याय मांगने वाली जनता की 5 वर्षों तक सुनवाई नहीं हुई उसे न्याय नहीं मिला जिससे बड़े स्तर पर जनता सांसद से चुनाव में हिसाब करने की तैयारी कर रही है इतना ही नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह से जिला पंचायत सदस्यों पर सांसद और उनके लोगों ने अत्याचार किया है बिना किसी अदालत के निर्णय के जिला पंचायत सदस्यों के घर बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कराए गए हैं निर्दोष जिला पंचायत सदस्यों पर मुकदमे लिखाए गए हैं जिसका खामियाजा भी बीते दिनों देखने को मिल चुका है भरे मंच पर सांसद विनोद सोनकर को लोगों ने भला बुरा कहा है उन्हें कार्यक्रम छोड़कर बीच में चले जाना पड़ा है सत्ता के मद में चूर सांसद विनोद सोनकर के कारनामे के चलते जिला पंचायत सदस्य भी लोकसभा चुनाव में इनसे हिसाब करने को तैयार दिखाई पड़ रहे हैं प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा और बाबागंज विधानसभा सीट पर बीते चुनाव में भी जनता ने इनका जमकर विरोध किया था चुनाव प्रचार के दौरान सांसद विनोद सोनकर को कुंडा प्रतापगढ़ क्षेत्र छोड़कर कई बार आना पड़ा था मंच से यह लोगों से कह रहे थे कि राजा भैया के लोग उनको चुनाव प्रचार नहीं करने देते हैं कुंडा बाबागंज विधानसभा क्षेत्र रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का वर्चस्व माना जाता है उस क्षेत्र से कैसे सांसद विनोद सोनकर भाजपा को मजबूती दे पाएंगे 100 करोड़ कीमत की दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की जमीन पर कब्जा करना 100 करोड़ कीमत के वल्लभ राम सालिग राम मेहता अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने सहित इनके तमाम कार्य इन दिनों आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं यदि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने गहन मंथन के बाद कौशांबी लोकसभा सीट पर टिकट का निर्णय नहीं किया तो पूरे देश में भले ही मोदी लहर में 400 सीट बीजेपी को मिल जाए लेकिन कौशांबी सीट पर भाजपा प्रत्याशी की राह कठिन होगी आखिर जब चप्पा चप्पा पर जनता उनसे नाराज है तो किन स्थितियों में सांसद विनोद सोनकर कौशांबी लोकसभा सीट से चुनाव जीतने का दम्भ भर रहे हैं।

### भाजपा सांसद को ले डूबेगा लाखों परिवार का श्राप!

**मेहता अस्पताल की 100 करोड कीमत की संपत्ति पर सांसद के कब्जा से भड़का जनाक्रोश**

**कौशाम्बी।** बल्लभ राम शालिग्राम मेहता अस्पताल भरवारी में लाखों मरीजों का सस्ता इलाज होता था अस्पताल के चिकित्सकों के इलाज से मरीज ठीक होते थे परिवार खुशहाल होते थे लेकिन प्रबंधन तंत्र के चलते यह अस्पताल कुछ दिनों पूर्व बंद हो गया और मेहता अस्पताल की 100 करोड रुपए कीमत की संपत्ति पर कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने कब्जा कर लिया है मेहता अस्पताल के भवन को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया गया है और अस्पताल की जमीन पर प्लांट बनाकर बेचने की योजना बनाई गई है जिससे भरवारी करवे के लोगों में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त हैं मेहता अस्पताल में इलाज कराने वाले लाखों परिवार के लोगों का श्राप कौशांबी सांसद को लगेगा और मेहता अस्पताल की संपत्ति में कब्जा करने के मामले को लेकर आम जनता सांसद विनोद सोनकर को कतई माफ नहीं करेगी यदि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में इन्हें कौशांबी से लोकसभा प्रत्याशी बनाया तो जनता इनसे मेहता अस्पताल कब्जा किए जाने के मामले का हिसाब जरूर लेगी और इसका खामियाजा इनको भुगतना पड़ेगा जिससे भाजपा की कौशांबी सीट पर दुर्गति होना तय है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आई महिला की मौत

**कौशाम्बी।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश अब लोगो पर कहर बन कर टूट रही है। महेवाघाट थाना क्षेत्र के भवनसुरी गांव की सरोज देवी उम्र लगभग 44 वर्ष पत्नी भोला खेत से काम कर घास लेकर घर जा रही थी, तभी आसमान से आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई,जिससे सरोज देवी की मौत हो गई। मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आए बाइक सवार गंभीर घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के सैनी थाना के पास राष्ट्रीय राजमार्ग ओवर ब्रिज में बाइक सवार को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया जिसमे एक युवक गंभीर घायल हो गया वहीं पीछे बैठा युवक भी घायल हो गया। ओवरब्रिज पर बाइक सवार चंद्र भवन उम्र तकरीबन 30 वर्ष अपने साथी के साथ गुलामीपुर के पास से निमंत्रण कर वापस घर कादीपुर थाना सैनी जा रहे थे ओवरब्रिज ढाल पर उतरते समय प्रयाग राज से कानपुर लेन पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनो बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए

# रिद्धि सिद्धि कॉलेज में स्मार्टफोन का हुआ वितरण नई तकनीक युग का हुआ आगाज



**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि कॉलेज में आज, बीए., बीएससी, बीकॉम, बीबीए के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किए गए यह पहल विशेष रूप से कोविड -19 महामारी के कारण ऑनलाइन शिक्षा की महत्वपूर्णता को ध्यान में रखते हुए की गई है। छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा में सहयोग प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की आवश्यकता होती है, और इस योजना के माध्यम से सरकार छात्रों को यह सुविधा प्रदान कर रही है। संस्थान के प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि छात्रों को वितरित स्मार्टफोन में ऑनलाइन शिक्षा में सहयोग देने के साथ-साथ, इससे उनका डिजिटल जगत में सामाजिक और आर्थिक समर्थन भी बढ़ा है। यह योजना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो उन्हें तकनीकी शिक्षा और उनके अध्ययन को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।इस योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन के वितरण से न केवल शिक्षा के क्षेत्र में गति आएगी, बल्कि छात्रों के डिजिटल योगदान को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को भी सहारा प्रदान करेगी, जिनके पास अभी तक उचित तकनीकी साधन नहीं हैं।इस पहल के माध्यम से, सरकार ने छात्रों के भविष्य को सुरक्षित और उनके अध्ययन को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिखाया है। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है जो शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल उन्नति को गति प्रदान करेगा। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में अमित दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा अंकित मौर्य अमित मौर्या मुलायम यादव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अनगिनत हादसों और मौतों का जिम्मेदार कौन!

### अझुवा वासियों से सरकार का सौतेला व्यवहार, नही बना अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज-फ्लाई ओवर



**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले शहरों,कस्बों,गांवों के तिराहों ,चौराहों पर यातायात का खासा दबाव पड़ता है और आए दिन सड़क हादसे होते हैं इसके दृष्टिगत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन एच आई) सड़क चौड़ीकरण एवम सेतु निगम ओवर ब्रिज फ्लाईओवर का निर्माण करती है ठँ 2 राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6 लेन चौड़ीकरण और ओवर ब्रिज ,फ्लाई ओवर का निर्माण सरकार निर्बाध रूप से करवाकर यातायात के दबाव को हटा रही है कानपुर से प्रयागराज तक सड़क चौड़ीकरण और ओवर ब्रिजों ,फ्लाई ओवर का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। कानपुर और प्रयागराज के बीच नगर पंचायत अझुवा है यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन रात यातायात का दबाव रहता है कई जगह कट होने,2 दिन बड़ी सप्ताहिक बाजार लगने और बस्ती घनी होने के कारण भीड़ भाड़ लगी रहती है।यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज भी सड़क चौड़ी करण और दुर्घटनाओं से बचाने हेतु ओवर ब्रिज य फ्लाई ओवर का निर्माण नही हो सका नगर पंचायत अझुवा और क्षेत्रीय बाशिंदे दुर्घटनाओं और असमय मौत के गाल में समा रहे हैं पिछले 6 माह का लेखा जोखा उठाएं तो मात्र अझुवा बस्ती के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में आधा दर्जन से ज्यादा मौतें और अनगिनत सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 2023 सितंबर माह में तौफीक,तौहीद हथगाम निवासी युवकों को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया था,नवंबर 2023में ज्ञान चंद्र मौर्य निवासी अझुवा की अज्ञात वाहन से मौत, अझुवा फल वाली गली के सामने हाईवे पर राजेश पुत्र शिवप्रसाद की मौत,पेट्रोल पंप अझुवा के सामने हाईवे पर पहाड़पुर कोदन निवासी महिला को अज्ञात वाहन से मौत,21 फरवरी 2024 को वार्ड नंबर 1 निवासी आकाश चंदेल पुत्र केवल सिंह की मौत और अनगिनत वीभत्स हादसे हुए हैं नगरवासियों और क्षेत्रीय लोगों के अनुसार *यदि फ्लाई ओवर या पुल बना हो तो हादसों में रोक लग सकती है। नगरवासियों ने बताया कि मार्च 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार में आए देश के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मंत्री नितिन गडकरी ने एक पिलर का एलिवेटेड पुल का वादा किया था जो वादा ही रह गया जबकि 2022 विधानसभा चुनाव में अझुवा मंडल में सर्वाधिक मत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी केशव प्रसाद मौर्य को मिले थे फिर भी अझुवा नगरवासियों से सौतेला व्यवहार करते हुए न तो राष्ट्रीय राजमार्ग में पुल बना न तो फ्लाई ओवर।

## संपादक की कलम से

# मणिपुर भी कठिन है और कोलकता भी

राजनीति में हर दिन कुछ न कुछ नया होता है। इसीलिए राजनीति किसी 'स्टंट' फिल्म की तरह चलती रहती है। राजनीति की मौलिकता ही इसकी विशेषता बन गयी है। अब देखिये न जो प्रधानमंत्री एक साल से ज्यादा समय से हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर की तरफ पैर करके भी नहीं सोते वे ही प्रधानमंत्री बंगाल के संदेशखाली में हिंसा और अत्याचार के खिलाफ खेला करने बंगाल जा पहुंचे। ये प्रधानमंत्री जी का साहस है या दुस्साहस देश के मतदाताओं को तय करना चाहिए।

तीसरी बार सत्तारूढ़ होने की मजबूरी ने भाजपा और उसके नेतृत्व की दशा 'सांप-छंछून्दर' जैसी कर सकती है। अब 370 सीटों का लक्ष्य घोषित करने वाले भाजपा के युगल महाराज न पीछे हट सकते हैं और आगे बढ़ने में सौ बाधाएं सामने मुंह बाएं खड़ी हुई है। पूरब और दक्षिण में खेला करने की सीमित संभावनाएं हैं और पश्चिम तथा उत्तर में बकौल भाजपा 'घमंडिया गठबंधन' लगातार एकजुट होता दिखाई दे रहा है। हालाँकि भाजपा के मुकाबले इस विपक्षी गठबंधन पर न गौधन है और न गजधन, बाजधन तथा रतनधन की खान तो पहले ही सरकार ने छीन ली है। जिसके पास थोड़ा-बहुत धन इलेक्टोरल, बांड से आया भी है उसके पीछे ईडी एढ़ी -चोटी का जोर लगा ही रही है। मिशन 370 को कामयाब बनाने के लिए भाजपा अभी भी सेंधमारी में लगी हुई है। जबकि भाजपा को पता है कि सेंधमारी एक जघन्य अपराध है। अनैतिक कृत्य है। भाजपा ने हमेशा सत्ता के निकट पहुँचने के लिए सेंधमारी का रास्ता अपनाया। कर्नाटक से शुरू हुआ ये नाटक मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र होता हुआ झारखंड में औंधे मुंह गिर पड़ा, लेकिन भाजपा ने हार नहीं मानी, इसके लिए भाजपा के दो हंसों की जोड़ी की सराहना की जानी चाहिए। भाजपा ने हाल ही में राज्य सभा चुनाव के दौरान भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के विधायक दलों में सेंध लगाईं। हिमाचल में तो भाजपा को मध्य प्रदेश की ही तरह एक पुराने राजघराने का विभीषण भी मिल गया है, जो कभी भी हिमाचल की अच्छी-खासी सरकार को गिराने में काम आ सकते हैं।

बात बंगाल से शुरू हुई थी सो वहीं वापस आना चाहिए। भाजपा हर हाल में बंगाल की रक्तरंजित राजनीति पर अपना अधिपत्य चाहती है। एक दशक के शासनकाल में भाजपा ने तमाम विरोधियों के गढ़ ढहा दिए लेकिन बंगाल में उसे कामयाबी नहीं मिली। बंगाल में तृण मूल कांग्रेस की सुप्रीमो सुश्री ममता बनर्जी माननीय प्रधानमंत्री जी को सुप्रीम नहीं बनने दे रहीं हैं। संदेशखाली के प्रकरण के बाद भी भाजपा ममता बनर्जी का किला शायद ही ढहा पाए। भाजपा के तीसरी बार सत्ता में वापस लौटने में बंगाल सबसे बड़ी बाधा है। मणिपुर से भाजपा इतनी ज्यादा परेशान नहीं हैं, जितनी बंगाल से है। बंगाल की राजनीति में भाजपा की न गारंटी चल रही है और न कोई जादू। भाजपा के हाथ से महाराष्ट्र भी खिसकता नजर आता है। यहां 2019 की तरह के परिणाम मिलना कठिन है।

मजे की बात ये है की गोदी मीडिया भाजपा के लिए लगातार बंगाल में शुभ की तलाश में है। इस बीच इंडिया टीवी-सीएनएक्स की ओर से पश्चिम बंगाल को लेकर ओपिनियन पोल कराया गया। सर्वे के अनुसार अगर अभी लोकसभा चुनाव कराया जाता है तो पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी 21 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है। वहीं बीजेपी 20 सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है। ओपिनियन पोल के अनुसार कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट जाता दिख रहा है। यह सर्वे पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों के लिए 5 से 23 फरवरी के बीच कराया गया।जहाँ तक मै देख पा रहा हूँ उसके मुताबिक भाजपा ने अभी तक हार नहीं मानी है। भाजपा तृण मूल कांग्रेस से संवाद बनाये हुए है। भयादोहन की कोशिश कर रही है। खुद प्रधानमंत्री जी ममता बनर्जी से राजभवन में वार्ता कर चुके हैं। सेंधमारी के साथ सौदेबाजी भी पर्दे के पीछे से जारी है। ममता बनर्जी को भी नीतीश कुमार बनाने की कोशिशें हैं, लेकिन अभी तक इन कोशिशों में भाजपा को कोई शुभ संकेत नहीं मिले हैं। बंगाल के बाद एक और शांत राज्य है ओडिशा, जहाँ भाजपा की दाल पूरी तरह से नहीं गल पाती। हालाँकि भाजपा ने ओड़िशा से श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर अपने लिए जगह बनाने की एक कोशिश की है। लेकिन यहाँ नवीन पटनायक की पकड़ ढीली नहीं हो रही है। संघ भी ओडिशा में ज्यादा तोड़फोड़ नहीं कर पाया है। लेकिन अभियान जारी है।

आने वाले आम चुनावों में मणिपुर सुलगता ही रहेगा, बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार में अस्थिरता बनी ही रहेगी। और मुमकिन है कि इस बार सबसे ज्यादा सीटें देने वाले उत्तर प्रदेश में भी गंगा अपनी धारा बदल दे। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने सबसे ज्यादा मेहनत और पैसा खर्च किया है।

## भाजपा ने आया-राम-गया-राम राजनीति में हासिल की महारथ

**- के आर सुधामन**

इस तरह की व्यापक आया राम, गया राम की राजनीति एक बुनियादी सवाल उठाती है - नैतिकता को क्या हो गया है, खासकर भारतीय राजनीति में। परिपक्व पश्चिमी लोकतंत्र में ऐसा अक्सर होता नहीं दिखता। लोग एक विशेष विचारधारा के प्रति अपनी प्राथमिकता के कारण एक विशेष पार्टी में हैं जिसके माध्यम से वे लोगों की सेवा करना चाहते हैं। यहां भारत में राजनीतिक विचारधारा केवल अपनी सेवा करना प्रतीत होती है।

भारत में आया राम गया राम की राजनीति तब शुरू हुई जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उन पर थोक में निर्वाचित प्रतिनिधियों को खरीदकर विपक्षी दलों को कमजोर करने का आरोप लगता था। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के जमाने में यह जोर पकड़ा जब उन्होंने कांग्रेस सरकार बनाने के लिए थोक में विपक्षी विधायकों को खरीदा, हालांकि पार्टी चुनाव में अल्पमत में थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस कला में महारथ हासिल कर ली है और भारतीय राजनीति में इस खतरे को अगले स्तर पर ले गये हैं।

जैसा कि राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा ने एक बार कहा था कि जिस तरह से अब दलबदल हो रहा है, 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस (नेहरू) बनाम कांग्रेस (मोदी) के बीच मुकाबला होने जा रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि भारतीय राजनीति को कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की भाजपा की भव्य योजना के बजाय भाजपा कांग्रेस सदस्यों से भरी हुई हो जायेगी।

गंभीर बात यह है कि इस तरह की व्यापक आया राम, गया राम की राजनीति एक बुनियादी सवाल उठाती है - नैतिकता को क्या हो गया है, खासकर भारतीय राजनीति में। परिपक्व पश्चिमी लोकतंत्र में ऐसा अक्सर होता नहीं दिखता। लोग एक विशेष विचारधारा के प्रति अपनी प्राथमिकता के कारण एक विशेष पार्टी में हैं जिसके माध्यम से वे लोगों की सेवा करना चाहते हैं। यहां भारत में राजनीतिक विचारधारा केवल अपनी सेवा करना प्रतीत होती है। इससे भी बुरी बात यह है कि भाजपा, जो एक विचारधारा पर आधारित पार्टी होने और एक अलग पार्टी होने का दावा करती है, अब आया राम गया राम की राजनीति के सबसे खराब रूप में शामिल हो गई है। यह न केवल अक्सर होता है बल्कि थोक में होता है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन लोगों के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार और आपराधिक मामले लंबित हैं और खुद भाजपा ने उन पर आरोप लगाये हैं, उन्हें अपने पाले में ले लिया है। एक बार कार्रवाई होने के बाद, मामले या तो गायब हो जाते हैं या ठंडे बस्ते में डाल दिये जाते हैं, जिससे कथित अपराधियों को बड़ी राहत मिलती है।

ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अब कोई मूल्य नहीं रह गया है। यह इस तथ्य को उजागर करता है कि देश में साक्षरता, कौशल और शैक्षिक स्तर में पर्याप्त सुधार के सभी बड़े दावों के बावजूद हमारी शैक्षिक प्रणाली पूरी तरह से दोषपूर्ण है। सच तो यह है कि हमारी शिक्षा प्रणाली जीवन की मूलभूत आवश्यकता यानी नैतिकता नहीं सिखाती। नैतिक शिक्षा का मतलब धार्मिक शिक्षा नहीं है। देखिए इस देश में लोग किस तरह गाड़ी चलाते हैं। नियमों का उल्लंघन करने में डर की कोई झलक नहीं है। यहां तक कि पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक सिग्नल पर दूसरी तरफ मुड़ जाते हैं, यह जानते हुए भी कि बड़ी संख्या में लोगों ने सिग्नल पर लाइन पार करके या सिग्नल जंप करके नियमों का उल्लंघन किया है।

भारत में नियम दंड मुक्ति के साथ तोड़े जाने के लिए बने हैं। दोपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट नहीं पहनते हैं और पुलिसकर्मी इस उल्लंघन पर संज्ञान नहीं लेते हैं। एक विशेष पोस्टिंग पाने के लिए पुलिसकर्मियों ने स्वयं नियमों का उल्लंघन किया होगा और भ्रष्टाचार में लिप्त होंगे। मूल रूप से कानून का कोई डर नहीं है, जिसे आसानी से झुकाया जा सकता है, खासकर नैतिकता की कीमत पर अमीर और शक्तिशाली लोगों द्वारा। जब उन्हें पढ़ाने वालों में ही नैतिकता नहीं है तो स्कूली छात्रों को दोष क्यों दिया जाये? वे सत्ताधारी स्थानीय राजनेताओं को रिश्वत देकर स्कूलों में, विशेषकर सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नौकरियां पाते हैं।

# आखिर कौन है असली गांधीवादी?

**- डॉ. डी.जॉन चेल्लादुरई**



पवित्र पुस्तकों के संदेशों को व्यापक संभव अर्थों के लिए लिया जाना चाहिए। उससे कम अर्थों में नहीं लिया जाना चाहिए। खेड़ा ने उन लोगों का पक्ष लिया है जो अपने संदेश को सबसे संकीर्ण संभव अर्थ देने के लिए निंदात्मक ढंग से नीचे गिरते हैं क्योंकि उनका इरादा सत्य की खोज करने का कम है बल्कि एक ऐसे इंसान को बदनाम करने का अधिक है जिसे वह नफरत करने के लिए चुनता है। निश्चित रूप से शिव खेड़ा गांधीवादी नहीं हैं। हाल के वर्षों में महात्मा गांधी और उनकी विचारधारा पर कई हमले हुए हैं। राष्ट्रपिता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, गलत पढ़ा जा रहा है और गलत व्याख्या की जा रही है। वास्तव में, यह एक मिनी-उद्योग है जो राष्ट्रपिता की छवि बिगाड़ने में महारत रखता है। यह लेख महात्मा गांधी के गलत चरित्र चित्रण को खारिज करना चाहता है जो इन परिस्थितियों में जरूरी है।)

महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी को कई बार यह कहते सुना गया है कि मैं गांधीवादी नहीं हूं। बाद में समझ में आता है कि उन्होंने विनम्रता से ऐसा कहा था। वे महात्मा गांधी के मानकों पर खरा उतरने में अपनी असमर्थता के प्रति सचेत थे और इसलिए उन्होंने ऐसा कहा है।

प्रसिद्ध प्रबंधन सलाहकार और प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा ने एक छोटा वीडियो जारी किया है, जिसमें कहा गया है, 'मैं गांधीवादी नहीं हूं', तो ऐसा लगा कि यह एक और आत्म-साक्षात्कार वाले व्यक्ति का इकबालिया बयान है। शिव खेड़ा लाखों लोगों को प्रेरित, प्रोत्साहित और उनकी वास्तविक क्षमता का एहसास कराने में मदद करते हैं। उन्हें युवाओं के एक बड़े वर्ग द्वारा गंभीरता से लिया जाता है, क्योंकि वह एक ऐसे सामाजिक शिक्षक हैं जिनकी बहुत मांग है।

जब इस तरह के बड़े व्यक्ति जनता से बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से उम्मीद की जाती है कि उनके शब्द तथ्यात्मक रूप से सही हों, नैतिकता पर आधारित हों और गहरे अर्थ रखते हों। जब वीडियो देखा तो और निराशा हुई। कुछ गांधीवादी विद्वानों से संपर्क किया तो अफसोस की बात है कि उन्होंने भी शिव खेड़ा के तर्कों को गलतबयानी से भरा पाया

आइए जानें कि खेड़ा ने वीडियो में क्या कहा था। दर्शकों में से किसी ने उनसे पूछा- 'क्या आप गांधीवादी हैं?' और उन्होंने जवाब दिया- 'गांधीवादी से आपका क्या मतलब है?', 'गांधीवादी होने के मानदंड क्या हैं?' फिर वे कहते हैं-'गांधीजी तीन सिद्धांतों में विश्वास करते थे- प्रेम, सहिष्णुता और अहिंसा।

खेड़ा ने पूछा-'क्या भगवान राम गांधीवादी थे? क्या वह प्रेम से हर किसी पर जीत हासिल करने में सक्षम थे?' इसका उत्तर है 'नहीं'। इसलिए उनका तर्क चलता है-'क्या राम ने कहा कि- 'मैं बहुत सहिष्णु व्यक्ति हूं'? आप मेरी पत्नी का अपहरण करते हैं तो कोई बात नहीं, मैं दूसरी पत्नी लाऊंगा और आप दूसरी पत्नी का अपहरण करेंगे और मैं तीसरी पत्नी लाऊंगा और यदि आप तीसरी का अपहरण करेंगे तो मैं चौथी पत्नी लाऊंगा।' राम ने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा-'मैं अपहरणकर्ताओं को बर्दाश्त नहीं करता और उन्होंने युद्ध किया। उन्हें लड़ना पड़ा जो अहिंसा नहीं है।' इसलिए, खेड़ा निष्कर्ष निकालते हैं कि राम गांधीवादी के रूप में योग्य नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने रावण के कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया था और उन्होंने हिंसा की थी।

खेड़ा कहते हैं- 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जब दुश्मन आपकी महिलाओं और बच्चों के सम्मान और गरिमा को नीलाम कर रहे हैं तो लड़ाई न करना कायरता कहलाता है, सहिष्णुता नहीं। अच्छे नेता किसी चीज के लिए स्टैंड लेते हैं और किसी चीज के खिलाफ स्टैंड लेते हैं। वे तटस्थ नहीं हैं। यदि वे तटस्थ हैं तो वे राजनेता हैं। राम ने यह नहीं कहा कि मैं तटस्थ व्यक्ति हूं। उन्होंने किसी बात के लिए-बुराई के खिलाफ एक स्टैंड लिया। यदि हम अपने शास्त्रों से सीखना चाहते हैं और इसे पूरी दुनिया में प्रोजेक्ट करना चाहते हैं तो यह समय है कि हम अपने शास्त्रों में लिखे अनुसार अमल करें।'

और फिर खेड़ा नतीजे पर पहुंचते हैं- 'ध्यान से सुनो, मैं गांधीवादी नहीं हूं।'

कहा जाए तो खेड़ा जल्दबाजी में 'सहिष्णुता' की तुलना गांधीवादी मूल्य से करते हैं और इसका अर्थ 'कायरता' बताते हैं। गांधीजी ने एक विदेशी भूमि दक्षिण अफ्रीका में एक सैन्य जनरल (जनरल जेन्स स्मट्स) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भारतीयों को राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए 21 साल के लंबे संघर्ष का नेतृत्व किया और फिर भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवाद की ताकत के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए 28 साल तक संघर्ष किया। ये गांधीजी ही थे जिन्होंने दुनिया भर में मुक्ति संघर्षों की एक श्रृंखला के लिए टोन और गति निर्धारित की। इन संघर्षों में अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद विरोधी आंदोलन के नाम लिये जा सकते हैं। उनके संघर्ष और नेतृत्व से प्रभावित हो कर आधुनिक वियतनाम के शिल्पकार हो ची मिन्ह ने कहा कि 'हम गांधी के सच्चे शिष्य हैं। और खेड़ा को यह गांधी कायर और बुराई को सहन करने वाला लगता है।

गांधीजी की लड़ाई के तरीके को सत्याग्रह कहा जाता है। सत्याग्रह सभ्य, मानवीय और काफी अपरंपरागत रूप से समावेशी था क्योंकि गांधीजी का मानना था कि सभ्यता ने हमें क्रूरता और लड़ने के आदिम तरीकों के युग को पार करने के लिए पर्याप्त सिखाया है एवं मनुष्यों में यह विश्वास भरने के लिए पर्याप्त है कि हम सभी अनिवार्य रूप से जीवन-समर्थक लोग हैं तथा उस हद तक न्यायसंगत हैं। इसलिए हम सभी तर्क तथा सत्य के प्रति उत्तरदायी हैं

गांधी सहिष्णुता के पक्षधर नहीं थे। वे जो सही समझते थे उसका बचाव करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार थे। वे सच्चाई समर्थक और जीवन समर्थक थे। खेड़ा ने कुछ आवश्यक मुद्दों की अनदेखी की। सबसे पहले, खेड़ा 'बुराई' शब्द का उपयोग 'दुष्ट कर्म करने वाला' के अर्थ में करते हैं। गांधीजी के लिए यह समान शब्द नहीं हैं। वे दो अलग-अलग संस्थाएं हैं। बुराई एक बीमारी की तरह है जो बुरे काम करने वाले को हो जाती है। इस बीमारी को ठीक करना होगा और इसे ठीक किया जा सकता है।

गांधीजी के लिए बुराई करने वाला व्यक्ति 'मेरा सहयोगी इंसान' है और वे चाहते हैं कि उसे बचाया जाना चाहिए। धर्म का मानना है कि हम सभी ईश्वर की संतान हैं जो दिव्य क्षमता से संपन्न हैं। गलत करने वाले सहित हर कोई 'मेरा भाई' है। बुरा काम करने वाला भी इंसान है और बुराई से छुटकारा पाने का हकदार है। हम स्नान के बाद स्नान के पानी के साथ बच्चे को बाहर नहीं फेंकते हैं। बीमारी को खत्म करने के लिए डॉक्टर मरीजों को नहीं मारते हैं। यहां तक कि न्यूनतम सामान्य ज्ञान वाला डॉक्टर भी ऐसा नहीं करेगा। ऐसा करना 'लड़ाई' के उद्देश्य को धता बताने के बराबर है। खेड़ा इस तथ्य को अनदेखा कर बच्चे को बाहर फेंकना चाहते हैं।

यह बड़ी अजीब बात है कि एक आदमी जिसने जनरल स्मट्स और तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने लोगों की गरिमा और अधिकारों को हासिल करने में सफल रहा वह व्यक्ति खेड़ा को कायर व दब्बू प्रतीत होता है।

क्या राम हिंसक थे? भगवान राम का कार्य रावण को मारने के लिए निर्देशित नहीं था। उनकी लड़ाई का उद्देश्य धर्म की रक्षा करना, धर्म को बहाल करना था। यह संघर्ष आखिरी समय तक रावण को उसके अहंकार और पाप से छुड़ाने के लिए था। यह मिशन सफल नहीं हुआ, सर्जरी विफल रही और रोगी की मृत्यु हो गई। एक असफल सर्जरी में रोगी की मृत्यु के लिए डॉक्टर को हत्यारे के रूप में नहीं रखा जाता है। नैतिक रूप से कहें तो रावण की मृत्यु भगवान राम के एक इच्छित कार्य का परिणाम नहीं थी। यह वास्तव में रावण के अधर्म के पालन के कारण था जिसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था और जो सुधरने के लिए तैयार नहीं था। धर्म की स्थापना के संघर्ष में रावण की मृत्यु अवश्यंभावी थी इसलिए यह जानबूझकर किया गया काम नहीं था। और उस हद तक यह पूरी लड़ाई सत्य-समर्थक एवं जीवन-समर्थक थी।गांधीजी ने अपने लोगों से कहा कि हमारे लोगों के सम्मान की रक्षा में हमें अंत तक लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। भले ही इसके लिए आपको अपनी जान देनी पड़े। उन्होंने महिलाओं से पूछा, 'प्रकृति ने आपको नाखून और दांत क्यों दिए?' गांधीजी ने अपनी बात बिल्कुल स्पष्ट कर दी। अहिंसा 'परमोधर्म' है, एक बहुत ही श्रेष्ठ सिद्धांत है। जो लोग इसमें विश्वास करते हैं उन्हें सभी परिस्थितियों में अपने जीवन के लिए अहिंसक रूप से लड़ना चाहिए। हालांकि अगर कोई अहिंसा की सर्वोच्चता के बारे में आश्वस्त नहीं है तो उसे हिंसक तरीके या अपने जीवन की रक्षा में लड़ना चाहिए क्योंकि बुराई के प्रति मूक समर्पण कायरता है और कायरता हिंसा से भी बदतर अपराध है।

# कानून और रसूखदारों का रवैया

**आशीष वशिष्ठ**

इसमें दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं।

आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है।

पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहरण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होंने किये। बड़ी जद्दोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं।पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं।जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है? कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा।

प्रभावशाली किसी मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशोआराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा।

किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हावभाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है। वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैरकानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

## लाला हरदयाल: गदर पार्टी के संस्थापक, जिन्होंने अंग्रेजों के आईसीएस का प्रस्ताव ठुकराया था

**रमेश शर्मा**

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिये। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जानी जाती है।

ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चाँदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहाँ औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था। लालाजी के पिता पं गोरेलाल जी संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे, माता भोलारानी रामचरितमानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हें बचपन से राष्ट्रीय, साँस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया था। उन्हें बचपन में माँ से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली। उन्हें रामायण की चौपाइयाँ और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे।उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में हुई। वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी । एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएँ धाराप्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था। महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में टाप पर रहने से उन्हें 200 पाउण्ड की छात्रवृत्ति मिली। इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गये 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वे बहुत विचलित हुये। यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था। पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुये और उन्होंने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया।भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया । वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्राँतिकारी आँदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्याम कृष्ण जी ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गये। क्रांतिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनियाँ में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है। जहां कभी भी सेना भेजनी होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी। उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकरा कर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे।उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिये एक संस्था बना रखी थी उसका नाम "यंग मैन क्रिश्चियन एसोशियेशन" था। इसे संक्षिप्त में "वायएमसीए" कहा जाता था । इसकी शाखायें भारत में भी थीं। लाला हरदयाल जी ने भारतीय युवकों में चेतना जगाने के लिये क्रान्तिकारियों की एक संस्था "यंगमैन इंडिया एसोसिएशन" का गठन किया। उनकी सक्रियता देख उन पर स्थानीय प्रशासन का दबाव बना। वे 1908 में भारत लौट आये। यहाँ आकर भी वे युवकों के संगठन में ही लग गये। उनका अभियान था कि भारतीय युवक ब्रिटिश शासन और सेना की मजबूती में कोई सहायता न करें। इसके लिये उन्होंने देश व्यापी यात्रा की। लोकमान्य तिलक से मिले। उन्होंने लाहौर जाकर अंग्रेजी में एक समाचार पत्र आरंभ किया। उनका समाचार पत्र राष्ट्रीय चेतना से भरा हुआ था। अंग्रेजों ने समाचार पत्र के एक समाचार के बहाने उनपर एक मुकदमा दर्ज किया। इसकी खबर उन्हें लग गयी और वे अमेरिका चले गये।

# शीर्ष नेतृत्वः जनभावनायें जानने को सांसद आरके सिंह को बनाया प्रत्याशी?

## पहला मौका है जब जल्दी टिकट हुए फाइनल, ब्राम्हण तलाश रहा छांव, विरोध के स्वर हुए तेज

**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** आसमानों से फरिश्ते जो उतारे जायें, वो भी इस दौर में सच बोले तो मारे जायें- आमतौर पर ये देखा गया है कि राष्ट्रीय दल ऐन मौके नामांकन के दिन प्रत्याशी का टिकट फाइनल करते हैं। ये पहला मौका है कि भाजपा व सपा ने तकरीबन एक माह पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर लोगों को चैंका दिया है। सवाल कौंधता है कि शीर्ष नेतृत्व ने कहीं जनभावनायें जानने को तो प्रत्याशी नहीं फाइनल किये?

सपा ने बबेरू-बांदा के शिवशंकर सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है तो भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित कर कुछ लोगों को चैंका दिया है। सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही जातिगत खेमेबाजी शुरु हो गई है। सोशल मीडिया पर आरके पटेल के विरोध में स्वर उभरना शुरु हो गये हैं। बांदा के अभिषेक शुक्ला समेत कर्वी के रविकरन करवरिया, प्रियांशु मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, संतोष पाण्डेय व रिंकू पाण्डेय तमाम लोगों ने सांसद के विरोध में प्रतिक्रिया देने लगे हैं। ऐसे में सपा के पीडीए की धज्जियां उडनी भी शुरु हो गई हैं- यादव तबके के लोग भी कहने लगे हैं कि पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को सपा से प्रत्याशी घोषित कर दिया जाये तो भारी मतों से वे चुनाव जीत सकते हैं, क्योंकि हर मोर्चे पर ब्राम्हणों में मायूसी छायी है। सोशल मीडिया में खुलकर विरोध जताने वाले ब्राम्हणों ने बैठकें तेज कर दी है।

सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने भाजपा के विरोध का ऐलान कर दिया है। हालांकि ब्राम्हण मतदाता खासे संशय में हैं- वे भाजपा से मोह भी भंग नहीं कर पा रहे, फिर भी ब्राम्हणों का सपा व बसपा की ओर अब तेजी से झुकाव देखने को मिल रहा है। 2017 के मऊ-मानिकपुर विधानसभा चुनाव में रालोद से चुनाव लडे दिनेश मिश्रा व निर्दल रामदयाल त्रिपाठी ब्राम्हणों के भाजपा से मोह भंग न होने का नतीजा देख चुके हैं- दोनों अपनी जमानत तक गवां बैठे थे।

तकरीबन एक माह पहले से राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशी घोषित करने का ये पहला मौका है। यूं तो ज्यादातर नामांकन के समय ही प्रत्याशी की घोषणा व चुनाव चिन्ह आवंटित होता रहा है। इसे लेकर लोगों के सवाल हैं कि कहीं शीर्ष नेतृत्व ने जनभावनायें जानने को तो प्रत्याशी नहीं घोषित किये? 2017 के विधानसभा चुनाव में भी प्रत्याशी की घोषणा ऐन मौके पर हुई थी। ऐसे में भारी विरोध के चलते सांसद आरके सिंह पटेल की प्रत्याशिता में कहीं बदलाव के तो आसार नहीं दिखते? वैसे सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रत्याशी घोषित होते ही दगे कारतूसों से आशीर्वाद लेने का सिलसिला शुरु कर दिया है- दगे कारतूसों का आशीर्वाद कितना सार्थक होगा, ये तो भविष्य के गर्भ में है। भूख है तो सब्र कर, रोटी नहीं तो क्या हुआ-आज कल दिल्ली में है जेर-ए-बहस ये मुद्दा, बस बात यहीं पर खत्म।

### कुछ खास के ही देखने को मिले संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूं तो छोटे-छोटे मसलों पर ट्वीट व फेसबुक में बधाई देने के सिलसिले शुरु हो जाते हैं, लेकिन सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने पर किसी जिम्मेदार भाजपा नेताओं/पदाधिकारियों के ट्वीट व फेसबुक में बधाई के दौर देखने को नहीं मिले। सिर्फ सांसद आरके सिंह के खास लोगों के ही फेसबुक में बधाई संदेश देखने को मिले हैं, उनमें भी कुछ तेल के तालाब के फेसबुक संदेश ज्यादा देखने को मिले हैं। इससे जाहिर है कि सांसद आरके सिंह पटेल के भाजपा प्रत्याशी घोषित होने में फिलहाल संशय है- कहीं जनभावनायें जानने को तो शीर्ष नेतृत्व ने ये घोषणा नहीं की है?

# मौसम के मिजाज में छिडी वर्चस्व की जंग, फिर बरसे ओले-बारिश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नित नये बदलते मौसम के मिजाज से लोग हैरान हैं। सर्दी-गर्मी-बरसात में भी वर्चस्व की जंग छिडी प्रतीत हो रही है। कभी तेज धूप के दम से गर्मी फैलने लगती है तो कभी बर्फबारी-ओलावृष्टि की ताकत से सर्दी बढने लगती है। गरज के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है।

रविवार को मौसम का सतरंगी आनन्द देखने को मिला। सतरंगी आनन्द बेला में भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है- कुछ लोग प्रत्याशियों की चर्चा में जहां मशगूल हैं, वहीं ज्यादातर किसान ओलावृष्टि व बारिश से कराह रहे हैं। शनिवार रात से मौसम का मिजाज कुछ इस कदर बिगडा कि रात में काफी देर तक बारिश होती रही। सवेरे कुछ गुनगुनी धूप निकली, मगर मौसम में बदली छायी रही। शाम चार बजे के आसपास फिर मौसम ने करवट बदले। बारिश के साथ ओले गिरना शुरु हो गये।



गिरे पडे ओले व तबाह फसल दिखाता किसान।

12 फरवरी को भारी ओलावृष्टि व बारिश से किसानों के खेतों में खडी फसल को क्षति पहुंची थी। शनिवार की रात व रविवार को शाम चार बजे फिर हुई बारिश ने किसानों की हालत पतली कर दी है। किसानों ने कहा कि 12 फरवरी को तबाह फसलों का अभी सर्वे नहीं हुआ। दो व तीन मार्च को हुई बारिश व ओलावृष्टि ने फसलों को और तबाह कर दिया। किसानों के खेत में खडी गेहूं, चना, अरहर, सरसों को भारी क्षति पहुंची है।

# किस्त जमा करने को दें मौका

**अखंड भारत संदेश**



पीडित संजय।

**चित्रकूट।** तहसील मऊ के थाना रैपुरा के धौहाईपुरवा मजरा इटवां के संजय कुमार पुत्र रामसंवारे ने श्रीराम फाइनेंस कारपोरेशन प्रालि के प्रबंध निदेशक प्रयागराज को लिखे पत्र में कहा कि शाखा चित्रकूट से तीन लाख रुपये व्यवयास को लोन लिया था। लोन की 13583 रुपये प्रति माह किस्त थी। शाखा से पैसा लेते ही गौतम कास्मेटिक सेन्टर खोलकर धंधा शुरु किया था। समयावधि में किस्तें देता रहा। रविवार को पीडित संजय कुमार ने कहा कि कुछ समय बीतने के बाद दुकान बन्द हो गई। समयावधि में किस्त नहीं दे सका। कम्पनी के एजेंटों ने परेशान कर मानसिक रुप से जलील किया। एजेंटों की धमकी से वह घबरा गया और परेशानी में धंधा न चलने से मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता। लोन जमा करने में जानबूझकर हीला-हवाली नहीं की। उसे लोन का पैसा जमा करने को एक वर्ष का समय दिया जाये। पीडित ने इस बाबत पंजीकृत पत्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी भेजा है।

# भागवत कथा से राजा परीक्षित को मिली थी मुक्तिः पं रामकिशोर शास्त्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के सिधौली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा श्रवण के महत्व को बताते हुए पं रामकिशोर शास्त्री ने कहा कि कथा श्रवण को देवता भी अमृत कलश लेकर पधारे थे। सनातन ग्रंथ में सत्य स्वरूप योगेश्वर श्रीकृष्ण का वर्णन है। कथा श्रवण को 88 हजार शनकादिक ऋषिगण ब्रह्मा के पास पहुंचे थे।

रविवार को उन्होंने बताया कि अमृत कलश लेकर सभी देवता आये थे। स्वर्ग से देवता अमृत कलश लेकर जिस कथा को सुनने को पहुंचे थे, वह कथा साधारण नहीं है। सात दिन में परीक्षित को श्राप से मुक्ति मिल गई थी। ऋषियों ने इच्छा प्रकट करते हुए पूंछा कि कथा को उत्तम स्थान बतायें। जहां अशांति न हो। ब्रह्माजी ने प्रश्न के समाधान को देवताओं के साथ भगवान के पास पहुंचे। भगवान ने कहा कि उनका चक्र जहां गिरे, वह स्थान उत्तम होगा। चक्र यूपी के नैमिषारण्य में गिरा। वहां भागवत कथा का श्रवण तक्षक ने शापित परीक्षित को सुखदेव जी करा रहे थे।पं गोमती महाराज शास्त्री ने कथा प्रसंगों के बीच श्री राधे-राधे कहते रहे। भजनों की प्रस्तुति संगति श्रद्धालुओं को मुग्ध करती रही। कथा की विधिवत शुरुआत संगीत से हुई।

# लोस चुनाव कराने को मऊ पुलिस हुई सक्रिय

## सीओ ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण व भयमुक्त सम्पन्न कराने को प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में एसएसबी फोर्स के जवानों ने थाना क्षेत्र के छिवलहा, बंबुरी, खप्टिहा, नींबी समेत गांवों का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों को देखा। आम जनता को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर मतदान करें। इस दौरान मुख्य सड़को में बने पुल-पुलिया की भी जांच की।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने को थाना मऊ पुलिस ने पैदल गश्त कर आमजनता को सुरक्षा का एहसास कराया। क्षेत्राधिकारी ने कस्बे में पैदल गश्त कर दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गश्त दौरान पुलिस टीम ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। दो व चार पहिया वाहनों की भी जांच हुई। क्षेत्राधिकारी मऊ ने बताया कि पैदल गश्त से लोगों से संवाद बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत थाने में सूचना दें। अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्हें चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों पर नकेल कसी जा रही है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले के बारे में थाना मऊ पुलिस को सूचित करें। तत्काल कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान लोगों से हेलमेट पहनकर बाइक चलाने की अपील की। पैदल गश्त में क्राइम इं अभय राज प्रताप, दरोगा कृपानंदन शर्मा, दरोगा इंद्रजीत गौतम समेत भारी तादाद में पुलिस बल मौजूद रहा।



पैदल गश्त करती पुलिस।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के साईंपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। बाइक सवार संतोष कुमार पुत्र शारदा प्रसाद मानिकपुर तहसील के अतरौली बसिला का है। ये हादसा रविवार को हुआ। बताया गया कि बाइक सवार संतोष कुमार किसी काम से साईंपुर गांव जा रहा था। अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया है। घायल की हालत गम्भीर है। ग्रामीणों ने सीएचसी पहाड़ी में भर्ती कराया है।

# युवाओं में जागृति लाती है स्कूल की युवा संसदः अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय के निर्देश पर यूनिवर्सिटी, गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज के एनएसएस के सहयोग से युवाओं के बीच पडोस युवा संसद जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय में हुई। बतौर मुख्य अतिथि/जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शुभारंभ कर कहा कि युवा संसद से युवाओं में जागृति आती है। उनमें राजनीति में आने की भावना जागृत होती है।

रविवार को बतौर विशिष्ट अतिथि गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज प्राचार्य वीके चौधरी, एनएसएस प्रभारी डा सीमा कुमारी, राजनीति विज्ञान प्रो डॉ वंशगोपाल, मंच संचालन प्रो आनंद कुमार की मौजूदगी में डा वी चौधरी ने युवाओं को उत्साहित कर पुरस्कार बांटे। पड़ोस युवा संसद चार सत्रों में हुई। प्रथम सत्र में मेरा युवा भारत पोर्टल बारे में बताया, पंजीकरण कराया। द्वितीय व तृतीय सत्र में नारी शक्ति, वोकल फॉर लोकल के बारे में यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो आनंद कुमार ने युवाओं को बताया। अंतिम सत्र में भारत की संसद की भांति युवाओं की संसद चलाया। संसद में चित्रकूट के विभिन्न अंचलों से यूनिवर्सिटी तथा गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज के युवाओं ने विभिन्न मंत्रालयों के मंत्री पद तथा सांसद पद संभाला। युवा प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का पदभार गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिभावान युवा भानुजा मिश्रा ने संभाला। लोकसभा अध्यक्ष बतौर आकांक्षा सैनी, विपक्ष नेता बतौर विनोद गुप्ता ने भूमिका निभाई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री बतौर क्रमशः मीनाक्षी सैनी, उमेश सिंह, आकांक्षा मिश्रा, संतपाल यादव, विकास भारती, दीपक कुमार, रविशंकर, कोमल शिवहरे, उमेश यादव ने भूमिका निभाई।

सभी केंद्रीय मंत्रियों ने मंत्रालयों की उपलब्धियां सदन को बताई। विपक्ष के प्रश्नों के उत्तर दिये। सदन में चित्रकूट के विकास को विभिन्न मुद्दों पर युवा नेताओं ने चर्चा की। प्रमुख भूमिका में रहे युवा केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र बांटे। प्रमुख सांसदों की भूमिका अभिषेक कुमार, श्याम लाल, विनय कुमार, संजय यादव, पंकज कुमार, माया द्विवेदी, श्रेय सोनी, अभिज्ञान श्रीवस्ताव, आशीष कुमार, मिथिलेश, राजकुमार, अवनीश पाण्डेय, अंशुल युवा संसद में रहे। लेखा एवं कार्यक्रम सहायक शुभम कुमार, नेहरू युवा केंद्र कार्यालय के स्टाफ अनुपम, राजकरण, टीम के सदस्य रवि अवस्थी का योगदान रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, युवा कल्याण विभाग से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।




युवा संसद में बैठे अतिथिगण।

# टाइगर रिजर्व निदेशक सुस्त, खनन माफिया मस्त

## मारकुण्डी-मानिकपुर क्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर हो रहा अवैध खनन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मारकुंडी थाना क्षेत्र के छेरिहा खुर्द के गोंदहा नाला व मानिकपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित बरदहा नाले मे धड़ल्ले से पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। अधिकारियों के संज्ञान मे होने के बाद भी अवैध खननकर्ताओं पर कार्यवाही नहीं हो रही। सवाल है कि किसके संरक्षण में दिन के उजाले में पत्थरों का अवैध खनन हो रहा है। रविवार को तहसील प्रशासन की अनदेखी से रात- दिन अवैध खनन हो रहा है। बताया गया कि दिन-दहाड़े अवैध खनन कर खनन माफिया सरकार को चुनौती दे रहे हैं। सरकारी भूमि पर अवैध खनन हो रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे गांव समाज व वन विभाग क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ एनके सिंह खनन माफियाओं पर मेहरबान हैं। पत्थरों से लदे ट्रैक्टर दिन-रात सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं। अवैध खनन कर सरकार को करोड़ों रुपये प्रतिदिन राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। अवैध खनन के खिलाफ लगाम नहीं लग रही। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के निदेशक की सुस्ती के चलते खनन माफिया मस्त हैं।

# 16 से 22 मार्च तक होगी प्रवेश परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ़/चित्रकूट।** राजकीय पालीटेक्निक बरगढ़ के प्रधानाचार्य सन्तोष वैश्य ने बताया कि उप्र के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों में चल रहे तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग, दो वर्षीय डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम व अन्य पाठ्यक्रमों में संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक 2024 के ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29 फरवरी के स्थान पर चार मार्च कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि अब नहीं बढ़ाई जाएगी। जिनके आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो, वे संशोधन करा सकते हैं। छात्र-छात्रायें किसी भी प्रकार के तकनीकी शिक्षा व फार्मेसी डिप्लोमा करना चाहते हैं, वे संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आवेदन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में 16 से 22 मार्च तक पूर्व निर्धारित अनुसार ही होगी। ज्यादा जानकारी को छात्र किसी भी नजदीकी पॉलिटेक्निक संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

# पुलिस ने दबोचे विभिन्न मामलों के चार वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी दबोचे हैं।

रविवार को मानिकपुर थाने के निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ जुआ अधिनियम के वारंटी अनिकेश पुत्र पहाड़िया बाल्मीकि नगर को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के हरदीकला चौकी प्रभारी अनिल कुमार मिश्र ने सिपाही सुलभ पटेल के साथ दहेज हत्या के वारंटी शिवकुमार पाल पुत्र छोटेलाल लुढ़ौता को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा अरविंद कुमार ने सिपाही राममूरत मिश्रा के साथ अपहरण व एससी-एसटी एक्ट वारंटी मुन्नू भारद्वाज पुत्र श्यामलाल भौंरी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में सरधुवा थाने के दरोगा चंद्रमणि पांडेय ने सिपाही राहुल पुरी के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी शिवबरन पुत्र मेदनी प्रसाद औदहा को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

# पुलिस ने महिला से पकडी दस लीटर शराब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा व दरोगा चंद्रमणि पांडेय की टीम ने राजकुमारी पत्नी फेरम निवासी सुरवल को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्र, दरोगा चंद्रमणि पांडेय, सिपाही राहुल पुरी व महिला सिपाही श्यामलली शामिल रही।

# परिक्रमा मार्ग में दुकानदार फैलाते हैं गन्दगी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन के 106वें अभियान में कामतानाथ परिक्रमा स्थिति रामजानकी मंदिर के पास साक्षी गोपाल तक स्वच्छता अभियान चला।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान जन सहभागिता से चलाये जा सकते हैं। चित्रकूट सुंदर होने का सपना तभी सफल होगा, जब सभी लोग प्रयास करेंगे। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा में जन जागरूकता को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। परिक्रमा में अनुशासन बना रहे। चलते-फिरते ठेलिया वालों व दुकानदारों पर कुछ न कुछ कार्रवाई होती रहे, क्योंकि बार-बार कहने पर भी ये परिक्रमा मार्ग को गंदा करते हैं। दिन में कई बार गन्दगी फैलाते हैं। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य है कि लोगों को स्वच्छ माहौल मिले। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवाकुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है कि कोना-कोना स्वच्छ रहे। अभियान में वार्ड मेम्बर शुभम केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, जितेंद्र केसरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास सिंह, जानकी प्रसाद कुशवाहा, विनोद कुमार, रामसिया, वीरेंद्र कुमार आदि ने सहयोग किया।



सफाई करते समिति के लोग।

# खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में महिला विधायक पर फेंका गया जूता और लोटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक महिला विधायक पर जूते से हमला किया गया है। नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग-नवाज ने पुलिस को शिकायत कर पीटीआई कार्यकताओं पर जूता और लोटा फेंकने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



पाकिस्तान स्थित डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 20 फरवरी को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में महिला विधायक सोबिया शाहिद पर हमला हुआ है। पीएमएल-एन के प्रांतीय अध्यक्ष अमीर मुकाम ने कहा कि घटना में शामिल पीटीआई कार्यकताओं ने भी नारे लगाए और महिला विधायक के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी को हुई घटना से पता चलता है कि पीटीआई कार्यकताओं को नहीं पता कि महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार करना है।

**विधानसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग**

अमीर मुकाम ने कहा कि पीटीआई ने विधानसभा में गुंडों को आमंत्रित किया था, जिन्होंने विपक्षी सदस्यों, विशेषकर महिलाओं का अपमान किया। उन्होंने कहा कि पीटीआई ने सदन की पवित्रता का उल्लंघन किया।अमीर मुकाम ने महिला नेता पर हमले पर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की।

**जांच कराने की मांग**

मुकाम ने इस हमले को गंभीर मामला बताया और जोर दिया कि इसकी तुरंत जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरे प्रांत का अपमान हुआ है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, मुकाम ने कहा, "हमारे पास यह साबित करने के लिए वीडियो क्लिप हैं कि असेंबली में सोबिया शाहिद पर बोतलें फेंकी गईं। उन्होंने कहा कि जो भी इसमें शामिल है उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए। पीएमएल-एन नेता ने कहा कि एक तरफ, पीटीआई विधायक विधानसभा में महिलाओं और गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटों पर दावा करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और दूसरी तरफ पीटीआई ने विधानसभा सत्र बुलाकर अपने दोहरे मापदंड का प्रदर्शन किया।

उन्होंने विधानसभा में जूता और लोटा फेंकने वालों के खिलाफ स्थानीय पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर घटना की संघीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की।

## स्लोवाक के विदेश मंत्री ने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का किया विरोध



**अंताल्या (तुर्की)।** स्लोवाक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने कहा है कि उनका देश रूस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध करता है और युद्ध को बढ़ाने के लिए यूक्रेन में कोई हथियार या सेना नहीं भेजेगा।

दक्षिणी तुर्की शहर में आयोजित अंताल्या डिप्लोमेसी फोरम के मौके पर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के बाद उन्होंने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, "प्रतिबंध रूसी अर्थव्यवस्था की तुलना में यूरोपीय संघ को और भी अधिक नुकसान पहुंचाता है।"

उन्होंने कहा, "हम किसी अन्य प्रतिबंध का समर्थन नहीं करेंगे, जो रूस से ज्यादा स्लोवाकिया को नुकसान पहुंचाएगा।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लैनर ने कहा, "स्लोवाकिया की नई सरकार के रूप में, हम यूक्रेन को कोई हथियार नहीं देंगे।" .

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "हमारी स्थिति अब पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट है, हम युद्धविराम और शांति वार्ता का आह्वान करते हैं, जो इस संकट का एकमात्र समाधान है।"

उनकी यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के सोमवार के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस की हार सुनिश्चित करने के लिए सैनिकों की तैनाती सहित वह सब कुछ किया जाना चाहिए जो आवश्यक है।

मैक्रॉन के नाटो द्वारा यूक्रेन में सेना भेजने की संभावना पर लावरोव ने कहा कि अनौपचारिक रूप से नाटो के सैनिक वहां पहले से ही मौजूद हैं।

मैक्रॉन की टिप्पणियों को कई नाटो देशों ने खारिज कर दिया है। जिन्होंने कहा था कि रूस के खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेन में सेना भेजने की उनकी कोई योजना नहीं है।

## ट्रम्प ने मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में हासिल की जीत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा।

मध्य-पश्चिमी राज्य में संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली पर ट्रम्प की जीत पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक और अच्छी खबर है, जिन्होंने पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा और दक्षिण कैरोलिना में जीत हासिल की थी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रमुख राज्य मिशिगन में, ट्रम्प ने मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में 68 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की थी।

शनिवार को, रिपब्लिकन सम्मेलन के दौरान उन्हें अधिक प्रतिनिधियों का समर्थन मिला, इससे उत्तरी राज्य में उनकी जीत पक्की हो गई।

ट्रम्प ने अब तक 100 से अधिक प्रतिनिधियों को एकत्र किया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन हासिल करने के लिए कम से कम 1,215 प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करने की आवश्यकता होगी।

राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चक्र का वह दिन जब अधिकांश राज्य मतदान करते हैं, सुपर ट्यूजडे, नजदीक आ रहा है। इस वर्ष का सुपर ट्यूजडे 5 मार्च को है, जब लगभग 15 राज्य मतदान करेंगे।

जून तक चलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति पद के प्राइमरीज, जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन से पहले होते हैं, जहां पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को आधिकारिक तौर पर प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाता है, इसके बाद अगस्त में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन होता है।

2024 का राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होगा।

## नेपालः सत्तारूढ़ गठबन्धन में अविश्वास के बीच प्रधानमंत्री का विपक्षी नेताओं से मुलाकातों का सिलसिला जारी



**नेपाल।** नेपाल के सत्तारूढ़ दलों के बीच अविश्वास का संकट और अधिक गहराता जा रहा है। इसी बीच प्रधानमंत्री सत्तारूढ़ घटक दलों से अधिक विपक्षी नेताओं को समय दे रहे हैं। प्रधानमंत्री का विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात का सिलसिला जारी है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने रविवार सुबह प्रमुख विपक्षी नेता केपी शर्मा ओली और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मुलाकात की है। तीनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे की बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार गोविन्द आचार्य ने इस मुलाकात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके बीच में सत्य निरूपण तथा मेलमिलाप आयोग को लेकर चर्चा हुई है। इस मुलाकात में तीनों प्रमुख नेताओं के बीच राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होने के बारे में उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोगों की मुलाकात में राजनीति की चर्चा स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री के निकट विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक विपक्षी दल के नेता केपी शर्मा ओली ने प्रधानमंत्री को यह विश्वास दिया है कि यदि माओवादी पार्टी राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद को लेकर अपना उम्मीदवार खड़ा करती है तो एमाले पार्टी उसे समर्थन देने को तैयार है। इसी तरह रवि लामिछाने के साथ भी प्रधानमंत्री ने समर्थन और सहयोग मांगा है। लामिछाने की स्वतंत्र पार्टी के पास इस समय 21 सांसद हैं। मुलाकात के बारे में रवि लामिछाने ने बस बताया कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति जिस तेजी से बदल रही है उस पर चर्चा होने के साथ प्रधानमंत्री ने सरकार को सहयोग करने की बात कही है। बातचीत बहुत सकारात्मक होने की बात उन्होंने कही।

275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए 138 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी। माओवादी के पास 32 सांसद हैं। प्रमुख विपक्षी दल के नेता ओली की पार्टी के पास 78 सांसद हैं। स्वतंत्र पार्टी के 21 सांसदों को मिला कर बहुमत से थोड़ा कम रहता है। इसी बीच प्रधानमंत्री ने जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के साथ बातचीत की है। इस समय सत्तारूढ़ गठबन्धन में रहे जसपा के पास 12 सांसद हैं।

## जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन 4 मार्च को नई दिल्ली में, उद्घाटन करेंगी वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण 4 मार्च को नई दिल्ली में एक दिवसीय जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में बताया कि इस सम्मेलन में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी शामिल होंगे। सम्मेलन में सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के साथ कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। इसके अलावा नकली चालान प्रक्रिया से निपटना, सर्वोत्तम अभ्यास साझा करना एवं तालमेल को बढ़ावा देना, प्रौद्योगिकी और डेटा का लाभ उठाना तथा व्यवसाय करने में आसानी को संतुलित करना जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

## ईरान में 10 दिनों में आतिशबाजी विस्फोटों में पांच की मौत, 91 घायल



**तेहरान।** ईरान में 20 फरवरी से 01 मार्च के दौरान देश में आगामी अग्नि महोत्सव से पहले आतिशबाजी के विस्फोट के कारण हुई घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य घायल हुए हैं।

ईरानी छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। आईएसएनए ने ईरान के मेडिकल इमरजेंसी ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख जफर मियादफर के हवाले से कहा कि पिछले साल की तुलना में मौतों की संख्या दोगुनी हो गई है, जबकि घायलों की संख्या में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने निर्दिष्ट किया कि एक मौत ईरान की राजधानी तेहरान में हुई थी, जबकि अन्य चार मौतें पश्चिम अजरबैजान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में हुई हैं।

श्री मियादफर ने कहा कि घायलों में 15 लोगों के पैर कटे, 31 की आँखों में चोट लगी और 41 लोग झुलस गए। उल्लेखनीय है कि ईरान में पारंपरिक अग्नि महोत्सव से पहले के दिनों में आतिशबाजी के कारण होने वाली दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं, जो ईरानियों द्वारा नौरोज ( ईरानी नव वर्ष) से पहले आखिरी बुधवार की पूर्व संध्या पर मनाया जाता है। इस वर्ष यह 20 मार्च को पड़ता है। इस साल 12 मार्च को फायर फेस्टिवल मनाया जाएग।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान में आसमान से बरस रही आफत! भारी बारिश से 37 लोगों की मौत, कई इलाके पूरी तरह तबाह

**पीटीआई, पेशावर।** ठंड के मौसम के साथ पाकिस्तान में भारी बारिश हो रही है। पाकिस्तान में लगातार बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ जैसी हालात हो गई है। लगातार बारिश की वजह से अबतक 35 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। पाकिस्तान में पिछले 48 घंटों में बारिश संबंधी घटनाओं में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि पूरे पाकिस्तान में हुई बारिश के कारण कई घर ढह गए और कई इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं। यह भूस्खलन खासकर उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत में हुआ है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि गुरुवार रात से अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं।

**इन जिलों में हुई भारी बारिश**

बताया गया कि पिछले 48 घंटों में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर, स्वात, निचले दीर, मलकंद, खैबर, पेशावर, उत्तर, दक्षिण वजीरिस्तान और लक्की मारवात सहित दस जिलों में हुई मूसलाधार बारिश में 37 लोग घायल हो गए हैं।

## पाकिस्तानः देश के अगले प्रधानमंत्री का चुनाव आज, शहबाज शरीफ का चुना जाना लगभग तय



**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के 24 दिनों बाद रविवार को पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में प्रधानमंत्री पद का चुनाव होगा। सुबह करीब साढ़े 11 बजे नेशनल एसेंबली का सत्र शुरू होगा। इसके लिए नवाज शरीफ की पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) का गठबंधन है और गठबंधन की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है।

इस चुनाव में पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन के तहत प्रधानमंत्री पद के लिए शहबाज शरीफ का चयन तय माना जा रहा है। इस गठबंधन को मुताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) और इश्तेखाम-ए-पाकिस्तान पार्टी का भी समर्थन है। हालांकि. मौलाना फजल-उर-रहमान की पार्टी जेयूआई-एफ चुनावी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री के चुनाव का बहिष्कार कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए थे। 11 फरवरी को सभी सीटों के नतीजे घोषित हुए।

इसमें किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। हालांकि इमरान के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा 93 सीटें जीतीं। पीएमएल-एन को 75 और पीपीपी को 54 सीटें मिली थीं। पाकिस्तान एसेंबली में कुल 266 सीटें हैं और बहुमत के लिए 134 सीटों की जरूरत होती है।

29 फरवरी को नेशनल असेंबली का पहला सत्र बुलाया गया जिसमें नवनिर्वाचित सांसदों ने पद की शपथ ली। 1 मार्च को नेशनल असेंबली में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव हुए। दोनों पदों पर पीएमएल-एन के समर्थन वाले उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

9 मार्च को पाकिस्तान में राष्ट्रपति पद के चुनाव होंगे। इसके लिए पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन ने आसिफ अली जरदारी को उम्मीदवार घोषित किया है।

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद का चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद संसद में प्रधानमंत्री पद के लिए अलग से चुनाव होता है। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री चुने जाने के लिये उम्मीदवार के पास 336 में से 169 सांसदों का वोट जरूरी होता है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, सांसदों को उसी उम्मीदवार को वोट देना होता है, जिसका समर्थन उनकी पार्टी कर रही है। सिर्फ मुस्लिम सांसद ही पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बन सकता है।

## गाजा में गहराया मानवीय संकट, कुपोषण के कारण अब तक 15 बच्चों की मौत; कई मासूमों की हालत गंभीर

**रायटर्स, कायरो।** पश्चिम एशिया में बीते साढ़े चार महीने से अधिक समय से जारी हिंसक संघर्ष के कारण अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस युद्ध का सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर दिख रहा है। इसी बीच, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि वहां पर कुपोषण और पानी के कमी के कारण भी अब तक कई बच्चों की मौत हो चुकी है।

**कुपोषण से 15 बच्चों की मौत**

गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "गाजा के कमाल अदवान अस्पताल में पिछले कुछ दिनों में कुपोषण और निर्जलीकरण से कम से कम 15 बच्चों की मौत हो गई है।" गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने कहा, "हमें बिजली जनरेटर और ऑक्सीजन की समाप्ति और चिकित्सा क्षमताओं की कमजोरी के कारण अस्पताल की गहन देखभाल इकाई में कुपोषण और दस्त से पीड़ित 6 बच्चों के जीवन पर अभी भी खतरा बना हुआ है।"

**छह में से एक बच्चा कुपोषण का शिकार**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जानकारी दी गई है कि गाजा में हालात के और भी ज्यादा खराब होने की पूरी आशंका है। गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुकी है और उत्तरी गाजा में दो साल से कम उम्र के हर छह में से एक बच्चा कुपोषण का शिकार हो रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काऊ ने कहा कि गाजा में बच्चों के कुपोषण का यह स्तर दुनिया के किसी भी हिस्से में देखा गया अब तक का सबसे गंभीर स्तर है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हालात में बदलाव नहीं आया तो उत्तरी गाजा में अकाल फैल जाएगा।

**उत्तरी गाजा में बद-से-बदतर हालात**

समाचार एजेंसी के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी है कि युद्धग्रस्त गाजा की 23 लाख की पूरी आबादी खाद्य असुरक्षा के गंभीर खतरे या बदतर हालात से जूझ रही है। उत्तरी गाजा में हालात और भी ज्यादा खराब है, लोगों को खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य कई प्रकार की मानवीय आपूर्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।